UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक **यंग भारत**

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-149 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 11 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार आज बड़ा कैबिनेट विस्तार करने जा रही है. लखनऊ के जनभवन में दोपहर 3:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें आठ नेताओं के मंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं. इनमें छह नए चेहरे शामिल होंगे, जबकि दो मौजूदा राज्यमंत्रियों को प्रमोशन मिलने वाला है. सूत्रों के मुताबिक भूपेंद्र चौधरी कैबिनेट मंत्री बनेंगे. वह पश्चिम यूपी के बड़े जाट नेता माने जाते हैं और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं. पार्टी उन्हें जाट वोट बैंक को मजबूत करने के लिए बड़ा दांव मान रही है.

मनोज पांडेय का नाम भी कैबिनेट मंत्री के लिए लगभग तय माना जा रहा है. रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय पहले सपा में थे लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए. उन्हें ब्राह्मण चेहरे के तौर पर देखा जा रहा है.



**योगी कैबिनेट में शामिल हुए ये नये चेहरे**

किन लोगों को मिला स्वतंत्र प्रभार ?

इसके अलावा मौजूदा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल को स्वतंत्र प्रभार दिया जाएगा.

बाकी कौन चार लोग बनेंगे राज्य मंत्री ?

सुरेंद्र दिलेर को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है. वह वाल्मीकि समाज से आते हैं और दलित वोट बैंक में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है.

कैलाश राजपूत लोधी समाज का बड़ा चेहरा माने जाते हैं. भाजपा उन्हें ओबीसी समीकरण मजबूत करने के लिए कैबिनेट में शामिल कर सकती है. कृष्णा पासवान भी मंत्री पद की रेस में हैं. वह पासी समाज की अहम महिला नेता मानी जाती हैं और भाजपा दलित वोट बैंक को साधने के लिए उन्हें मौका दे सकती है.

हंसराज विश्वकर्मा का नाम भी चर्चा में है. वह वाराणसी से जुड़े हैं और अति पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा माने जाते हैं. बीती शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर संभावित मंत्रियों की सूची सौंपी थी. इस विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है.

## अखिलेश के दरबार से योगी कैबिनेट तक. मनोज पांडेय को सपा से बगावत का बड़ा इनाम, पूजा पाल को अभी करना होगा इंतजार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल का आज विस्तार होने वाला है। इसमें कभी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के सबसे भरोसेमंद नेताओं में गिने जाने वाले चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टीम का हिस्सा बनने जा रहे हैं।



योगी मंत्रिमंडल विस्तार में जिन नामों ने सबसे ज्यादा सियासी हलचल बढ़ाई है, उनमें रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडे और कौशांबी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल सबसे आगे था लेकिन अब पूजा पाल को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। दोनों नेताओं का राजनीतिक सफर न सिर्फ दिलचस्प रहा है, बल्कि यह यूपी की बदलती राजनीति और नए जातीय समीकरणों की कहानी भी कहता है। रायबरेली के ऊंचाहार से लगातार तीन बार विधायक रहे मनोज पांडे लंबे समय तक समाजवादी पार्टी का बड़ा ब्राह्मण चेहरा माने जाते रहे। अखिलेश यादव की सरकार में वह कैबिनेट मंत्री भी रहे और पार्टी संगठन में उनकी मजबूत पकड़ थी। साल 2022 के बाद सपा ने उन्हें विधानसभा में मुख्य सचेतक जैसी अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन रामचरितमानस विवाद और पार्टी के भीतर बढ़ती वैचारिक खींचतान के बीच मनोज पांडे ने खुलकर असहमति जतानी शुरू कर दी। फरवरी 2024 के राज्यसभा चुनाव में उन्होंने मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देकर बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। इसके बाद सपा नेतृत्व ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। मई 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। अब योगी मंत्रिमंडल में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। माना जा रहा है कि बीजेपी उन्हें ब्राह्मण चेहरे के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी देकर पूर्वांचल और रायबरेली–अमेठी बेल्ट में नया संदेश देना चाहती है। कौशांबी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल का नाम यूपी की राजनीति में संघर्ष और विवाद दोनों वजहों से चर्चित रहा है। उनके पति और बसपा विधायक रहे राजू पाल की 2005 में दिनदहाड़े हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। राजू पाल ने इलाहाबाद पश्चिम सीट पर माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर सनसनी फैला दी थी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद उनकी हत्या हो गई। इसके बाद बसपा ने पूजा पाल को राजनीति में उतारा। पहले चुनाव में हार मिली, लेकिन 2007 में उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए इलाहाबाद पश्चिम सीट जीत ली। 2012 में भी उन्होंने जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। 2018 में बसपा ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया, जिसके बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। 2022 में वह चायल सीट से विधायक बनीं, लेकिन धीरे–धीरे उनका झुकाव बीजेपी की तरफ बढ़ता गया। 2024 के फूलपुर उपचुनाव में उन्होंने खुलेआम बीजेपी प्रत्याशी के लिए प्रचार किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की और कहा कि 'जब किसी ने मेरी बात नहीं सुनी, तब योगी सरकार ने न्याय दिलाया। उनका यह बयान सपा नेतृत्व को नागवार गुजरा और अप्रैल 2025 में पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया। अब वही पूजा पाल योगी सरकार में मंत्री बनने जा रही हैं। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह मंत्रिमंडल विस्तार सिर्फ खाली पद भरने की कवायद नहीं है। बीजेपी इसके जरिए 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा सामाजिक और राजनीतिक संदेश देना चाहती है। मनोज पांडे के जरिए ब्राह्मण वोट बैंक को साधने की कोशिश दिखाई दे रही है, जबकि पूजा पाल के जरिए पिछड़े और दलित वर्ग के बीच मजबूत पैठ बनाने की रणनीति नजर आ रही है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों नेता कभी अखिलेश यादव के करीबी माने जाते थे, लेकिन अब वही चेहरे योगी सरकार की नई टीम में शामिल होकर सपा को राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तर पर झटका देते दिखाई दे रहे हैं। योगी मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार रविवार दोपहर 3:30 बजे लखनऊ स्थित जनभवन में होगा।

## सुर्खियां............

### दुकान पर अवैध कब्जे को लेकर नेत्रहीन महिला ने थाना दिवस पर प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ।** ग्राम बंगरा थाना माधौगढ़ निवासी नेत्रहीन महिला निर्मला देवी पत्नी राकेश सोनी ने अपनी दुकान पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की है। पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन ):** जनपद में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों का कहर लगातार जारी है ।मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के हादरुख–जगतपुरा मुख्य मार्ग का है, जहां ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया। जानकारी के अनुसार रणजीत पुत्र दलसिंह प्रजापति निवासी ग्राम जगतपुरा अहीर थाना सिरसा कलार किसी काम से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान हदरुख–जगतपुरा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रणजीत बाइक समेत सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अधिक खून बह जाने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई ।

## पूजा पाल, श्रीकांत शर्मा और राकेश प्रताप क्यों नहीं हुए योगी कैबिनेट में शामिल? रेस में थे सबसे आगे

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के कैबिनेट विस्तार के फैसले को एक बड़ा कदम माना जा रहा है. इस मंत्रिमंडल के विस्तार से जातीय समीकरण से लेकर क्षेत्रीय गणित तक सेट करने की कोशिश की जा रही है.

पिछले कुछ दिनों से कई नाम चर्चा में चल रहे थे. लेकिन जो तीन नाम शामिल नहीं किए गए हैं, उनमें सपा की बागी विधायक पूजा पाल, बीजेपी विधायक श्रीकांत शर्मा और राकेश प्रताप का नाम शामिल है. पूजा पाल का नाम इसलिए मंत्रिमंडल की रेस में आगे चल रहा था क्योंकि वह लगातार विधानसभा के सदन से लेकर मीडिया तक में खुलकर योगी सरकार की तारीफ कर रही थीं और वहीं बीजेपी भी खुलकर उनके समर्थन में थी.





पूजा पाल को मंत्री बनाए जाने से बीजेपी सरकार को भी फायदा हो रहा था. पूजा पाल के जरिए बीजेपी अखिलेश यादव के पीडीए का काट ढूंढ रही थी. वहीं श्रीकांत शर्मा के मंत्री बनाए जाने से बीजेपी ब्राह्मण मतदाताओं को लुभाने की प्लानिंग में थी. हालांकि इन दोनों विधायकों का नाम अब नए मंत्रियों की लिस्ट से नदारद है. इसके अलावा एक और विधायक का नाम रेस में था, लेकिन अब उनका नाम भी लिस्ट में नहीं है. नाम है राकेश प्रताप सिंह. हालांकि इन सबके बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पीडीए जैसी कोई चीज नहीं है यूपी में. यानी कि पूजा पाल के नाम के कटने का मुख्य वजह यही है. क्योंकि जिस पीडीए की बात अखिलेश यादव करते हैं, उसी पीडीए के फॉर्मूले में पूजा पाल सटीक बैठती हैं. साथ ही जिस तरह राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर बढ़–चढ़कर बात कर रही है, उस हिसाब से पूजा पाल का नाम आगे आना लाजिमी था. हालांकि अब उन विधायकों की लिस्ट आ गई है, जो मंत्रिमंडल में शामिल होने वाला है. लेकिन अभी भी कुछ संशय बना हुआ है. यह सारी अटकलों की तस्वीर थोड़ी देर में साफ हो जाएगी.

## फर्रुखाबाद बसड्डे पर स्थापित हुई अश्वरोही 'राष्ट्र गौरव' महाराणा प्रताप की प्रतिमा

- >> जन्म जयंती पर 9 मई को मंत्री जयवीर सिंह और दयाशंकर सिंह करेंगे अनावरण
- >> सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही क्षत्रिय समाज का होगा बड़ा जुटान

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ/फर्रुखाबाद।** 'राष्ट्रगौरव' महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर नौ मई को फर्रुखाबाद में बड़ा जुटान होने जा रहा है। रोडवेज बस स्टेशन पर स्थापित महाराणा की अश्वरोही प्रतिमा का अनावरण करने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ ही सांसद, विधायकों के साथ ही आस–पास जिलों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी



आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र सिंह 'राजू' ने लखनऊ में दी है।

वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र सिंह 'राजू' ने बताया, 'महाराणा जयंती पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के लिए मंत्री जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह के साथ ही अन्य नेताओं को न्योता देकर आमंत्रित किया गया है। दोनों मंत्रियों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया, 'इस भव्य अनुष्ठान में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई दिग्गज नेताओं भी आमंत्रित किए गए हैं। यह फर्रुखाबाद के लिए गौरव का पल होगा।' उन्होंने बताया, 'अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह (पूर्व सांसद), राष्ट्रीय संरक्षक कृपाशंकर सिंह (पूर्व गृह राज्य मंत्री महाराष्ट्र) ने अग्रिम शुभकामनाएं भेजी हैं। इसके साथ ही फर्रुखाबाद के आसपास के जिलों के भी समाज से जुड़े जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### आग्रह : मनभेद हटाएं-एकजुटता लाएं

राघवेंद्र सिंह 'राजू' ने मनभेद हटाने और एकजुटता लाने का आग्रह किया। साथ ही समाज से नौ मई के कार्यक्रम में जुटने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'क्षत्रिय समाज ने वीरता का परिचय देकर राष्ट्र के लिए सर्वस्व बलिदान किया।' राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह भदौरिया ने कहा, 'महाराणा प्रताप जयंती पर नौ मई को फर्रुखाबाद में ऐतिहासिक जुटान हो रही है। 'राष्ट्र एकता संकल्प' के रूप में हम अपने हिस्से का योगदान भी सुनिश्चित करें।'

**डीजीपी यूपी राजीव कृष्णा का बड़ा एक्शन**

## यूपी मे अलग-अलग ज़िलों के 5 थाना प्रभारी को लाइन हाज़िर और 2 डिप्टी एसपी के विरुद्ध प्रारंभिक जांच के आदेश

**लखनऊ ब्यूरो**

डीजीपी राजीव कृष्णा नें की यूपी के पुलिस अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक

बैठक मे पुलिस हेडक्वाटर से जुड़े सभी अधिकारी रहे मौजूद

पुलिस हेडक्वाटर से जुड़े सभी अधिकारी पुलिस कमिश्नर, एडीजी ज़ोन, आईजी/डीआईजी रेंज ज़िलें के एसएसपी/एसपी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े

5 थाना क्षेत्रो मे दुर्घटनाए की ज़्यादा बढ़ोतरी हुई

वाराणसी कमिश्नरी के चोलापुर थाना प्रभारी दीपक कुमार, गोरखपुर ज़िलें के कैम्पियरगंज थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह, कन्नौज ज़िलें के छिबरामऊ थाना प्रभारी विष्णुकान्त तिवारी, बाराबंकी ज़िलें के रामसनेहीघाट थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला, जौनपुर ज़िलें के सिकरारा थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह को लाइन हाज़िर करने के आदेश

बाराबंकी के ष्ट्ह ट्रैफिक अलोक कुमार पाठक और जौनपुर के ष्ट्ह ट्रैफिक गिरेन्द्र कुमार सिंह के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आदेश।



# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन ):**– जनपद में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों का कहर लगातार जारी है।मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के हादरुख–जगतपुरा मुख्य मार्ग का है, जहां ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया।



जानकारी के अनुसार रणजीत पुत्र दलसिंह प्रजापति निवासी ग्राम जगतपुरा अहीर थाना सिरसा कलार किसी काम से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान हदरुख–जगतपुरा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रणजीत बाइक समेत सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अधिक खून बह जाने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई ।सूचना पाकर कुठौंद थाना के प्रभारी जगदम्बा प्रसाद दुबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद चालक, ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। वही पुलिस फरार चालक तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने में गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

# जितेंद्र कुमार शर्मा बने झांसी मंडल आरपीएफ के नए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त

## दीपक कुमार आजाद को प्रयागराज मंडल में सौंपी गई जिम्मेदारीझीलें और नदियां

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल रेल सुरक्षा बल में प्रशासनिक फेरबदल के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति की गई है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार जितेंद्र कुमार शर्मा को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, रायजिया (पूर्वोत्तर रेलवे) से स्थानांतरित कर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, झांसी मंडल (उत्तर मध्य रेलवे) बनाया गया है। गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश रहने वाले श्री शर्मा विज्ञान स्नातक (कंप्यूटर विज्ञान) से हैं, संघ लोक सेवा आयोग 2018 बैच के अधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर झांसी मंडल रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंडल में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

इसके साथ ही वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त झांसी मंडल, उत्तर मध्य रेलवे में पदस्थ विवेकानंद नारायण का तबादला पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में कर दिया गया है। इसी प्रकार उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के रूप में कार्यरत दीपक कुमार आजाद को अब उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद निवासी दीपक कुमार आजाद वर्ष 2016 बैच के संघ लोक सेवा आयोग चयनित रेल सुरक्षा बल अधिकारी हैं। उन्होंने कला स्नातक, विधि स्नातक एवं विधि स्नातकोत्तर तक की उच्च शिक्षा प्राप्त की है। अपने सेवा कार्यकाल में वे अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर चर्चित रहे हैं। रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में उनके योगदान को महत्वपूर्ण माना जाता है।

# शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल उमरी में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय।** नगर पंचायत ऊमरी स्थित शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। विद्यालय परिसर में बच्चों के बेहतर प्रदर्शन को लेकर उत्साह का माहौल रहा।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक दीपक सेंगर ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों को स्मार्ट शिक्षा, व्यवहारिक ज्ञान, आत्मविश्वास एवं आधुनिक तकनीक से जोड़ना भी आवश्यक है। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शहरों जैसी आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि हर बच्चा अपने सपनों को नई उड़ान दे सके। उन्होंने बताया कि शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के साथ–साथ स्मार्ट क्लास, व्यवहारिक शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में कम शुल्क में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आधुनिक शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें। दीपक सेंगर ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य शिक्षा को घर–घर तक पहुँचाकर बच्चों के भविष्य को नई दिशा देना है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा के विस्तार के लिए जल्द ही विद्यालय की नई शाखाएं खोलने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक बेहतर शिक्षा पहुँचाई जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था एवं प्रबंधक दीपक सेंगर की सकारात्मक सोच की सराहना की। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और नई सोच से विद्यालय लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का संकल्प

## यमुना नदी के समीप ग्राम बेरा में रिटेनिंग बॉल का हुआ भूमिपूजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई**– विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम बेरा में यमुना नदी की बाढ़ के पानी से गाँव की सुरक्षा के लिए विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने ग्राम बेरा पहुँचकर रिटेलिंग बॉल भूमिपूजन किया। प्रतिवर्ष यमुना नदी में आने वाली बाढ़ से ग्राम बेरा की जमीन का अत्यधिक कटाव होता था। जिससे गाँव के क्षेत्रफल में काफी कमी आ रही हैं। क्षेत्रवासियों की माँग पर विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने शासन से 250 मीटर की यमुना नदी के किनारे रिटेलिंग बॉल के निर्माण की स्वीकृति करा दी हैं। जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ 87 लाख रुपये बताई जा रही हैं। नदी की बाढ़ को दृषिगत रखते हुए पूर्व में ब्लॉक प्रमुख अजीतसिंह सेंगर के प्रयास से लगभग 18 माह पहले ग्राम बेरा के नदी के समीप 150 मीटर की रिटेलिंग बॉल का निर्माण कराया था। जिसकी लगभग लागत 5 करोड़ रुपये आयी थी। यमुना नदी में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा ग्राम बेरा प्रभावित होता हैं। नदी के पानी के तीव्र वेग के कारण गाँव के किनारे की जमीन पानी के कटाव के कारण जलमग्न हो जाती हैं। मिट्टी का कटाव होने के कारण गाँव व नदी के बीच की दूरी भी बहुत कम रह गई हैं। वही क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक मूलचन्द्र निरंजन से बाढ़ के पानी से गाँव को सुरक्षित करने के लिए रिटेलिंग बॉल के निर्माण कराने की माँग की थी। जिसके निर्माण के लिए शुक्रवार को विधायक ने भूमिपूजन किया, जिसके निर्माण का कार्य जल्द शुरू करा दिया जायेगा। रिटेलिंग बॉल की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल हैं। उक्त भूमिपूजन में विधायक मूलचन्द्र निरंजन, ब्लॉक प्रमुख अजीतसिंह सेंगर, जलशक्तिमंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, विधायक प्रतिनिधि महेश राजावत, संतोष प्रजापति, भरत भदौरिया, ज्योतिष कुरोति, रामू तिवारी आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# उमरी बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

( यंग भारत न्यूज )



**ऊमरी ( जालौन )।** कस्बे के प्रसिद्ध उमरी बालाजी मंदिर में 20वें हवन, विशाल भंडारे, रात्रि जागरण एवं 56 भोग के साथ भगवान का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दूर–दूर से श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति भाव से पूजा–अर्चना की।

कार्यक्रम में भोलेनाथ सरकार, कैलाश माता, रामराजा सरकार, श्री बालाजी सरकार एवं दूत महाराज की असीम कृपा से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संरक्षक अरविंद द्विवेदी 'छट्टू महाराज' अपनी धर्मपत्नी निशा द्विवेदी, पवन महाराज एवं अतुल द्विवेदी सहित आयोजन में सक्रिय रूप से मौजूद रहे। रात्रि जागरण एवं संगीत कार्यक्रम में उमरीवासियों का उत्साह देखने लायक रहा। भजन–कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में नगर एवं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार, जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से उमरी बालाजी मंदिर में दर्शन करने आता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम में समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अल्लाह की रज़ा पाने को मां-बाप की खिदमत करें

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** शहर के मोहल्ला तिलक नगर में डॉ. शहीद रहमानी के आवास पर शाही इमाम हाफिज फिरोज रहमानी की सदारत में जलसा चेहलुम फातिहा का आयोजन किया गया। इसमें आलिमों ने तकरीर के जरिए नेक लोगों की पनाह में रहने व नेकियों पर चलने की हिदायत दी।

बता दे कि गंज मुरादाबाद से आए धर्मगुरु मारूफ मियां ने कहा कि अल्लाह की रज़ा (कृपा) पाने के लिए बंदे तमाम जतन करते हैं। जबकि मां–बाप की खिदमत करने पर अल्लाह अपने बंदों पर रहमत की बारिश करता है। नेक लोगों की सेवा में रहकर, नेकियों को अपनाने, बेहतर आमाल बनाने पर भी अल्लाह की मोमिनों पर नजरें इनायत होती है। मौलाना सलमान ने कहा कि गौस–ए–पाक इराक के जीलान में पैदा हुए, लेकिन पूरी दुनिया में उनकी चर्चा हो रही है। अल्लाह तआला फरमाता है कि अगर सिर्फ जीलान के लिए गौस बनता तो जीलान में ही उनकी चर्चा होती, लेकिन गौस–ए–पाक को सारी दुनिया के लिए गौस बनाकर भेजा। इसलिए पूरी दुनिया में गौस–ए–पाक का जिक्र होता है और ता कयामत तक होता रहेगा। इसके पहले हाफिज अनवार, हाफिज आमिर, हाफिज अमन रजा, शायर दिलशाद रजा ने एक से एक बेहतर कलाम पेशकर लोगो की वाहवाही लूटी। इसके बाद शाम लगभग 4 बजे शमीम अहमद, सगीर अहमद व डॉ. शहीद अहमद रहमानी की मां अनीसा खातून की चेहलुम फातिहा हुई। फातिहा में काफ़ी तादाद में उनके चाहने वालो ने शिरकत की और उनके लिए दुआएं मगफिरत की। मेहमानों के लिए (लंगर) खाने पीने का भी इंतजाम किया गया। इस मौके हाफिज चमन रजा, शमशाद सर, डॉ. नफीस खान, अजहर खान, हासिम खान, अकरम दूध वाले, हासिम शाह, आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय युवक की पत्नी और बच्चे बाजार गए और वह घर में अकेला था। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता कमरे में देखने गए। पिता कमरे में झांककर देखा तो युवक फंदे से लटका मिला। इसके पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र के हंसारी का है। हंसारी के सारंदा नगर कॉलोनी का रहने वाला सुदेश कठौरिया (40) ने आत्महत्या कर ली। सुदेश के ससुर संतराम ने बताया– मेरा दामाद सुदेश एक शोरूम पर काम करता था। शनिवार को वह काम पर नहीं गया और घर पर था। शाम को पत्नी लिमिका अपने बच्चों के साथ बाजार गई थी। घर पर सुदेश के बूढे माता–पिता थे। जब सुदेश काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता ऊपर वाले कमरे में देखने गए।

# राजकीय आईटीआई माधौगढ़ में 14 मई को होगा विशाल रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप साक्षात्कार, हीरो मोटोकॉर्प करेगी चयन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय** – राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) माधौगढ़, रामपुरा जालौन द्वारा सत्र 2022–2025 के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान परिसर में दिनांक 14 मई 2026 को विभिन्न व्यवसायों के लिए प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया देश की प्रतिष्ठित दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प द्वारा संचालित की जाएगी, जिसमें लगभग 100 रिक्त पदों पर चयन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रधानाचार्य द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, संस्थान के सभी संबंधित अनुदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने–अपने ट्रेड के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह 10 बजे संस्थान में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे – बायोडाटा, शैक्षिक अंकपत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र लेकर आने होंगे। संस्थान प्रशासन का कहना है कि यह कैंपस चयन प्रक्रिया प्रशिक्षार्थियों को तकनीकी शिक्षा के बाद सीधे उद्योगों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। इससे युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा उनके कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संस्थान द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए श्री घनश्याम यादव एवं श्री अरुण कुमार, अनुदेशक, को संपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों अधिकारी अभ्यर्थियों के पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन एवं चयन प्रक्रिया के संचालन में सहयोग करेंगे। संस्थान प्रशासन ने सभी पात्र प्रशिक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि आईटीआई स्तर पर इस प्रकार के प्लेसमेंट कार्यक्रम युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

# दुकान पर अवैध कब्जे को लेकर नेत्रहीन महिला ने थाना दिवस पर प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई कार्यालय ।** ग्राम बंगरा थाना माधौगढ़ निवासी नेत्रहीन महिला निर्मला देवी पत्नी राकेश सोनी ने अपनी दुकान पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की है। पीड़िता ने जिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

शिकायत पत्र के अनुसार, निर्मला देवी की ग्राम बंगरा में सड़क किनारे दुकान स्थित है। आरोप है कि गांव के ही लोकेंद्र मिश्रा और प्रहलाद कुशवाहा ने दबंगई दिखाते हुए उनकी दुकान पर कब्जा कर लिया और उन्हें दुकान संचालित करने से रोक दिया। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपित गाली–गलौज और अभद्रता करते हैं तथा जानमाल की धमकी भी देते हैं। महिला ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे वह और उनका परिवार परेशान है। उन्होंने प्रशासन से दुकान खाली कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगी।

# अफसर का शव गर्लफ्रेंड के घर के पास मिला

## सुसाइड नोट में 4 लोगों को जिम्मेदार बताया; पत्नी बीएचईएल में है कार्यरत

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में प्रेमिका के घर के पास बिजली विभाग के डर (ऑफिस सुपरिटेंडेंट) का शव मिला है। शव देखकर ऐसा लग रहा था कि कोई व्यक्ति दाहिने तरह करवट लेकर सो रहा हो। पास ही जूते और एक नोटबुक पड़े मिले। पुलिस को नोटबुक में एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। इसमें दो महिलाओं सहित 4 लोगों पर आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस ने अभी उन नामों का खुलासा नहीं किया है।



शनिवार शाम की यह घटना नवाबाद थानाक्षेत्र के माताटीला हाइडिल कॉलोनी की है। मृतक ओएस की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। मुकेश पहले से शादीशुदा थे। पत्नी बीएचईएल (बीएचईएल) में कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार, मृतक का संबंध एक महिला से था। दो दिन पहले महिला थाने मारपीट की शिकायत लेकर पहुंची थी। पुलिस ने दोनों को समझाकर वापस भेज दिया था।बिजली विभाग में कार्यरत ऑफिस सुपरिटेंडेंट मुकेश कुमार (56) कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती के रहने वाले थे। बड़े भाई राजेंद्र कुमार ने बताया– उनकी पोस्टिंग माधौगढ़ में थी। लगभग 22 साल पहले उसकी शादी मनोरमा के साथ हुई थी। पत्नी बीएचईएल में कार्यरत हैं। दोनों का 20 साल का एक बेटा है। भाई के अनुसार, मुकेश का संबंध एक महिला से था। महिला उसके घर काम करने आती थी। इसके बाद से दोनों में प्रगाढ़ता हो गई। उन्होंने बताया कि उनका अपने भाई से बीते कुछ सालों से कोई संबंध नहीं था। पुलिस के अनुसार, मुकेश कुमार का एक महिला अरुणा से संबंध था। प्रेमिका अरुणा माताटीला हाइडिल कॉलोनी में रहती है। मुकेश उसके घर भी आता जाता था। दो दिन पहले प्रेमिका थाने पहुंची थी। उसने मुकेश पर मारपीट और खर्चा न देने की शिकायत की थी। महिला ने खुद को मुकेश की पत्नी होने का दावा किया था। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों को थाने बुलाकर समझाया था और फिर सुलह के बाद दोनों वापस चले गए थे। अगले दिन शनिवार शाम को कॉलोनी के माता मंदिर के पास लोगों ने एक शव देखा। पुलिस पहुंची तो उसकी शिनाख्त मुकेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि शव मिलने के बाद अरुणा वहां पहुंची थी। उसने मुकेश को अपना पति बताते हुए यह दावा किया कि उसने जहर खाकर जान दे दी है। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर मुकेश के शव से कुछ दूरी पर जूते, पानी की बोतल और एक नोटबुक मिली। नोटबुक में एक पेज पर सुसाइड नोट मिला है। इसमें दो महिलाओं और दो युवकों पर आरोप लगाया गया है। हालांकि, पुलिस ने सुसाइड नोट की डिटेल सार्वजनिक नहीं की है।

# भाजपा मंत्री राजभर के खिलाफ विश्वकर्मा समाज ने किया निंदा प्रस्ताव

## गाजीपुर हत्याकांड को लेकर नहीं थम रहा है विश्वकर्मा समाज में आक्रोश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विश्वकर्मा समाज की एक आवश्यक बैठक अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष महेश चंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में झांसी रोड स्थित इंजीनियर अविनींद्र ओझा के आवास पर हुई। जिसमें गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा की हत्याकांड के मामले को लेकर भाजपा के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर के अभद्र बयान की घोर निंदा की गई और एक स्वर होकर भाजपा मंत्री ओमप्रकाश राजभर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग भी उठाई। बैठक में विश्वकर्मा समाज के लोगों ने शपथ ली कि विश्वकर्मा समाज पर अन्याय व अत्याचार नही होने देंगे। अन्याय करने वालों को एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगे। निशा विश्वकर्मा हत्याकांड मामले में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के साथ खड़े होकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि गाजीपुर जिले में निशा विश्वकर्मा की हत्या के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा भेजे गए डेलीगेट पर गांव के प्रधान आशुतोष सिंह उर्फ आशू व उसके गुर्गों ने जो जानलेवा हमला किया है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और निशा विश्वकर्मा के परिवार को सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज के संकट में हमेशा समाजवादी पार्टी ने साथ दिया है और किसी दूसरे दल ने कभी भी विश्वकर्मा समाज का साथ नहीं दिया है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज के लोगों से अपील की है कि वे एक साथ मिलकर 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ वोट करेंगे और समाजवादी पार्टी का देकर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे। इस मौके पर श्याम बाबू विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, नवीन विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, दुलीचंद विश्वकर्मा ,अयोध्या विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा ,देवेश विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, अवनींद्र ओझा, राजेंद्र विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा ,आलोक विश्वकर्मा, आसाराम विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, मनमोहन विश्वकर्मा ,शैलेंद्र विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा ,राम शंकर ओझा ,जलज विश्वकर्मा, दीपेश विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा ,मनोज विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा ,अशोक विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा ,कैलाश बाबू विश्वकर्मा, हर्षद विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, सहित तमाम विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद थे।



# जगनेबा गांव में आधी रात छापा मारकर पुलिस और प्रशासन ने बरामद किए 3 बंधुआ मजदूर

## मानसिक कमजोर लोगों को कहीं से भी पकड़ कर बेगार करवाते थे गाँव के दबंग



- इंसानो को रखते थे जानवरों की तरह बेढ कर
- आधे पेट खाना देकर काम लिया जाता था रगड़ कर
- मज़दूरी देने का तो सवाल ही नहीं, यदि बात न मानी तो पीटा जाता था बुरी तरह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्र के जगनेबा गांव में देर रात बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक मकान में छापेमारी कर कई लोगों को बंधनमुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के एक घर में बाहर से लाए गए मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया है और उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने देर रात गांव में दबिश दी। छापेमारी के दौरान कमरे में बंद मजदूरों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।बताया जा रहा है कि पुलिस एक लापता युवक की तलाश में लगातार अभियान चला रही थी। जांच के दौरान मिले सुराग के आधार पर यह कार्रवाई की गई। मजदूरों ने आरोप लगाया कि उनसे मारपीट की जाती थी तथा विरोध करने पर धमकाया जाता था।मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं मुक्त कराए गए मजदूरों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद जगनेबा गांव समेत आसपास के क्षेत्रों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई को सराहनीय बताया है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सख्त

## कोतवाली उरई में किया अर्दली रुम, दिये दिशा निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोतवाली उरई में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का अर्दली रूम किया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध नियंत्रण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।एसपी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा फरार एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिसकर्मियों को सतर्कता और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राजीव शर्मा भी मौजूद रहे

# कालपी की यमुना से मिला आईटीआई छात्र लोकेंद्र का शव

( यंग भारत न्यूज )



- कई दिन से लापता युवक को ढूंढ रहे थे परिजन और पुलिस वाले
- यह हत्या है या हादसा, पुलिस के सामने खड़ा हो गया है यह सवाल

**उरई ( जालौन )।** कस्बा व थाना कदौरा में लापता आईटीई छात्र लोकेंद्र का शव आखिरकार कालपी यमुना नदी से बरामद हो गया है। लोकेंद्र वही छात्र था जिसने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर पुलिस पर प्रताड़ना, मारपीट और 8 लाख रुपये मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। वीडियो में उसने कहा था कि फर्जी मुकदमे और मानसिक दबाव ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है। इसके बाद से वह लापता हो गया था और करीब 50 घंटे तक पुलिस व परिवार उसकी तलाश में जुटे रहे। जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर निवासी लोकेंद्र का मोहल्ले की एक महिला से विवाद हुआ था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने निष्पक्ष जांच के बजाय छात्र पर दबाव बनाया और मामले को खत्म करने के नाम पर पैसों की मांग की गई। जमानत पर घर लौटने के बाद लोकेंद्र मानसिक तनाव में था और फिर रात में घर से निकल गया। बाद में कालपी से उसका वीडियो वायरल हुआ जिसमें उसने खुद को प्रताड़ित बताया था। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे इलाके में गुस्सा फैल गया है। अब इस मामले ने कदौरा पुलिस की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच तेज कर दी है और युवक द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की बात कही जा रही

# सपा छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष का कोंच में हुआ भव्य स्वागत



## - संगठन मजबूती और युवाओं की भागीदारी पर हुई चर्चा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच,जालौन ।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा का रविवार को कोंच नगर में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित छात्र सभा जिलाध्यक्ष रामानन्द कुशवाहा के आवास पर आयोजित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में छात्र सभा को और अधिक सक्रिय बनाने तथा युवाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ने पर जोर दिया गया। अपने संबोधन में विनीत कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा युवाओं, छात्रों और आम जनता की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्र सभा युवाओं के अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में अमित यादव, सिराज हुसैन, विजय यादव, सत्यम यादव, कार्तिक पटेल, कौशल प्रजापति और सतीश परिहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

## बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )





**उरई, जालौन ।** अपना दल (एस) की मासिक विधानसभा बैठक रविवार को उरई स्थित कोंच बस स्टैंड के पास जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अहमद मंसूरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद पटेल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष बृजेश साधारा ने किया। मुख्य अतिथि अहमद मंसूरी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय दिलाने के लिए काम करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अरविंद पटेल ने व्यापारिक हितों और संगठन विस्तार पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि जनपद जालौन में पार्टी पूरी मजबूती के साथ जनसमस्याओं को उठा रही है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के बीच जाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में नवागंतुक कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में ओंकार सिंह ठाकुर, रोहित राठौर, श्यामसुंदर कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, पवन गुप्ता, चंद्रप्रकाश राठौर, रामबाबू कुशवाहा, सचिन कुशवाहा और अनवर अली समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन जिले में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों का कहर लगातार जारी है। ताजा मामला कुठौंद थाना क्षेत्र के हादरुख-जगतपुरा मुख्य मार्ग का है, जहां ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया।

मिली जानकारी के अनुसार रणजीत पुत्र दलसिंह प्रजापति निवासी ग्राम जगतपुरा अहीर थाना सिरसा कलार किसी काम से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान हादरुख-जगतपुरा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे ओवरलोड ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक गंभीर घायल

## लाख प्रयासो के बाद भी नहीं रुक रहीं हैं मार्ग दुर्घटनाएं

( यंग भारत न्यूज )

**( जालौन )।**जालौन-कोंच रोड स्थित एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे रविवार को दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि घायलों में एक युवक कमल पाल निवासी लहचूरा तथा दूसरा युवक सिरसा क्षेत्र का रहने वाला है। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मानवता दिखाते हुए घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अलग-अलग लगे 4 जनआरोग्य मेलों में 135 मरीजों का हुआ उपचार

## भीषण गर्मी के मौसम से बचाव के लिये दी सलाह

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई ।**शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत रविवार को कालपी, वावई, नियामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 135 मरीजों का उपचार करके गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 52 मरीजों का इलाज किया गया। राजकीय होम्योपैथी महिला चिकित्साधिकारी डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 28 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय वावई में 25 मरीजों का इलाज हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर में चिकित्साधिकारी डॉ आदर्श गौतम की अगुवाई में आयोजित मेले में कर्मचारियों के द्वारा 30 मरीजों का इलाज किया गया। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्साधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार ने बताया कि भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। इसलिए सभी लोग दोपहर में सतर्कता बरतें तथा किसी प्रकार की बीमारी होने पर डॉक्टर की सलाह पर उपचार करें। बिना वजह दोपहर में घूमने से बचाव करें।

# बाइक सवार लुटेरे ने महिला के गले से छीना मंगलसूत्र

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, छिनैती की घटना पुलिस के लिए बनी चुनौती





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार रात गल्ला मंडी गेट के पास सरेराह एक महिला से चैन स्नेचिंग की वारदात सामने आई। बाइक सवार बदमाश महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई ।जानकारी के अनुसार मुहल्ला गणेश पुरा जालौन निवासी पूजा याज्ञिक अपने दो छोटे बच्चों के साथ कोंच गांधी नगर स्थित मायके आई हुई थी। देर शाम वह ब्लॉक क्षेत्र स्थित मोसिया के घर से लौट रही थी ।जब वह गल्ला मंडी गेट के पास पहुंची ही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर सवार एक युवक उसके करीब आया और उस समय झपट्टा मारकर गले से मंगलसूत्र छीन ले गया जब वह घर आने के लिए टमटम का इंतजार कर रही थी ।अचानक हुई घटना से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था ।महिला की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और बदमाश का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह तेज रफ्तार बाइक से भाग निकला। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार और मुख्य मार्गों पर लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं से महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं ।सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद,प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडेय, सुरही चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

**घटना के बाद से पुलिस चिकरधिन्नी बनी है।पुलिस लुटेरे की तलाश में सीसीटीवी कैमरो को खंगालने में लगी है।सीओ परमेश्वर प्रसाद,प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह,एसओजी टीम तथा स्थानीय पुलिस की मदद से लुटेरे की तलाश में लगी है।पुलिस ने मार्कण्डेश्वर से पंचानन तक लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस को कई जगह सुराग भी हाथ लगे है।पुलिस का कहना है कि शीघ्र लुटेरे गिरफ्त में होगे।**

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले। पुलिस का कहना है कि संदिग्ध बाइक सवार की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ।घटना की सूचना मिलते ही एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची तथा हर बिन्दु की बारीकी से जांच की तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

# आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक से ब्रेक लगाने से दूसरा डंपर टकराया, एक गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रहा डंपर टकरा गया। हादसे में खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल खलासी को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया।

जनपद फिरोजाबाद से एक डंपर मौरम लेने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होकर चिकासी की ओर जा रहा था। जब डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 201 छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचा। तभी उसके आगे एक और डंपर चल रहा था। सड़क पर उछाल होने के चलते आगे चल रहे डंपर चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। जिसे पीछे चल रहे डंपर का चालक समझ नहीं पाया और अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रहा डंपर आगे चल रहे डंपर से टकरा गया। हादसे में पीछे चल रहे डंपर का चालक तो बाल बाल बच गया। लेकिन जनपद फिरोजाबाद के ग्राम नगला भजन निवासी डंपर का खलासी धनवीर हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गई और घायल खलासी को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

# फल लेने गए युवक के साथ फल विक्रेता ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** फल लेने गए युवक के साथ फल विक्रेता ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि पिटाई से युवक की हाथ की हड्डी टूट गई। पीड़ित की मां एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि कोतवाली में शिकायत करने के बाद भी उसे कोई कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी शारदा ने एसपी विनय कुमार सिंह को बताया कि वह देवनगर चौराहे के पास झुग्गी झोपड़ी में रहती है। जीवकोपार्जन का एक मात्र कार्य पत्थर की सिल बनाकर बेचना है। बताया कि बीती दो मई को उनका बेटा अजय देवनगर चौराहे पर फल लेने के लिए गया था। जहां फल विक्रेता ने उसके बेटे के साथ गाली, गलौज करते हुए लाठी, डंडों से पिटाई कर दी। पिटाई में उनके बेटे का हाथ तीन जगह से फ्रेक्चर हो गया। जिसके बाद उसने कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी की। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया और एक तहरीर लिखवा ली। लेकिन उसके बाद क्या कार्रवाई हुई उसे इसकी जानकारी नहीं दी गई और न ही उसे कोई प्राथमिकी दर्ज करने की कॉपी दी गई है। अब तक उसका बेटे के इलाज में काफी रुपये खर्च हो चुका है, अब उसके पास बेटे के इलाज के लिए रुपये भी नहीं हैं। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# भाकियू की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर दिया गया जोर, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गल्ला मंडी परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष विजय सिंह अंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपा ।बैठक में उपस्थित चतुरसिंह पटेल ने बताया कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से जिन किसानों की फसलें 70 प्रतिशत से अधिक नष्ट हुई हैं, उन्हें शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए।

बैठक में नमामि गंगे परियोजना के तहत बने नालों की सफाई और पानी की नियमित सप्लाई की मांग भी उठाई गई। ग्राम पचीपुरा कला में खड़ंजा हटाए जाने से जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है, जिसे तुरंत ठीक कराने की मांग की गई। इसके अलावा गांवों में नालों की सफाई,बिजली के झूलते तारों को सही कराने और अतिरिक्त पोल लगाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया ।ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति और मीटर रीडरों की अनियमितताओं पर भी नाराजगी जताई गई। वहीं ग्राम लौना स्थित आयुष्मान आरोग्य अस्पताल तक पहुंचने के लिए सीसी सड़क और पुलिया निर्माण कराने की मांग प्रशासन से की गई, ताकि बरसात में मरीजों को परेशानी न हो।

# छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से किया संवाद

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा का नजर में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।मालवीय नगर स्थित सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रामानन्द कुशवाहा के आवास पर आयोजित हुए स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे ।प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्र सभा को और अधिक सक्रिय बनाने तथा युवाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया ।इस अवसर पर विनीत कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा युवाओं, छात्रों और आम जनता की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्र सभा युवाओं के अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी ।इस अवसर पर सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव, छात्र सभा के प्रमुख महासचिव सिराज हुसैन, प्रदेश सचिव विजय यादव, सत्यम यादव, कार्तिक पटेल, कौशल प्रजापति और सतीश परिहार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने 16 अदद अवैध शराब के पाउच सहित युवक को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण के चलाए गये अभियान के अंतर्गत इलाकाई पुलिस के द्वारा घेराबंदी करके सर्किल क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा में 16 पाउच नाजायज शराब समेत युवक को गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही से नाजायज शराब बेचने वालों में खलबली मच गई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शांति व्यवस्था के लिये आटा थाना के सब इंस्पेक्टर अनुपम मिश्र के नेतृत्व में शान्ति व्यवस्था के लिये पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी। तभी मुखबिर की खास से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति करमेर रोड की ओर जा रहा है। जैसे ही पुलिस टीम कब्रिस्तान के पास पहुंची तो एक व्यक्ति हाथ में बोरी लिए जा रहा था जिसे रोका व टोका तो नहीं रुका तभी हमराही की मदद से कब्रिस्तान पर ही पकड़ लिया गया जिसका नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम संजय पुत्र शिव रतन उम्र करीब 35 वर्ष बताई निवासी अकबरपुर इटोरा थाना आटा जनपद जालौन हाथ में लिए बोरी की तलाशी ली गई तो 15 अदद क्वार्टर ट्विन टावर जिस पर तीव्रता 36 डिग्री 200 मिली सिर से निर्मित देसी मदिरा उत्तर प्रदेश बिक्री कीमत ?80 अंकित है जिसका लाइसेंस तलब किया गया तो नहीं दिखा सका। यह कार्य धारा 60 एक्ट का दंडनीय अपराध है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मदर्स डे पर बच्चों ने अपनी मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना व्यक्त की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** स्थानीय एमएल कॉन्वेंट स्पेस साइंस लैब स्कूल में मदर्स डे पर बच्चों ने अपनी मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना व्यक्त की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मां के निस्वार्थ प्रेम और त्याग को भी दर्शाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरती शुक्ला और विशिष्ट अतिथि प्रीति रानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया। बच्चों ने 'ओ मेरी मां, प्यारी मां' गीत के माध्यम से उपस्थितजनों की आंखें नमकर दीं। संगीत व एक्टिविटी शिक्षक दिशा, विजय ओर अंजलि के साथ बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसके माध्यम से दिखाया गया कि एक मां किस तरह अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों के भविष्य को संवारती है। मुख्य अतिथि ने कहा, माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरा संसार है। बच्चा अपनी पहली शिक्षा अपनी मां की गोद से ही प्राप्त करता है। यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने की एक सराहनीय पहल है। विशिष्ट अतिथि ने भी बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियां उनकी कड़ी मेहनत और अपनी माताओं के प्रति अटूट प्रेम का प्रमाण हैं। विद्यालय द्वारा माताओं के लिए नींबू दौड़, चम्मच दौड़ आदि खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अनुष्का निरंजन व अनुष्का गुर्जर ने किया। अंत में बच्चों को अपनी माताओं के साथ मंच साझा करते देखना एक भावुक क्षण था, जिसमें बच्चों ने मां को हस्तनिर्मित 'थैंक यू कार्ड' भेंट किए। इस मौके पर आरती, पिंकी, रेशमा मीनेश, मनीष, विवेक आदि रहे।

# रेलवे फाटक के पास ग्राहकों को लेकर भिड़े दो दुकानदार चले लाठी डंडे

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** रेलवे फाटक बस स्टैंड के पास बीती देर रात दो चिकन दुकानदारों के बीच ग्राहकों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले मारपीट में दोनों दुकानदार घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर निवासी आशु पुत्र भोले रेलवे फाटक बस स्टैंड के पास चिकन की दुकान लगाता है। बताया जा रहा है कि देर रात ग्राहकों को बुलाने और बिक्री को लेकर उसके पड़ोसी चिकन दुकानदार से विवाद हो गया शुरुआत में दोनों के बीच कहासुनी हुई लेकिन कुछ ही देर में मामला हिंसक हो गया और दोनों ने एक-दूसरे पर डंडों से हमला कर दिया ।घटना के दौरान आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की लेकिन विवाद बढ़ता चला गया इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज किया गया। वहीं कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछंताछ की जा रही है।

# प्रताड़ित करने पर परेशान महिला ने पुलिस से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पति द्वारा प्रताड़ित करने और एक दूसरी महिला के साथ पति के रहने से परेशान पत्नी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर निवासी महिला आरती कुशवाहा ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 10 वर्ष पूर्व जितेंद्र कुशवाहा से हुई थी। शादी के बाद से पति शराब के नशे में गाली गलौज और मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगा। बीते करीब 2 वर्ष पहले पति कांशीराम कालोनी से एक दूसरी महिला को अपने साथ भगाकर ले गया था और वर्तमान में पति उसी महिला के साथ मुहल्ला गांधीनगर में बस स्टैंड के पास रह रहा है जबकि पति ने उसे (आरती) तलाक़ भी नहीं दिया है। मामले को लेकर आरती ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।वही कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# पिकअप ने स्कूटी में मारी टक्कर,छात्रा गंभीर रूप से घायल, झांसी रेफर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई ।नगर के कंजड़ बाबा मंदिर तिराहे पर तेज रफ्तार पिकअप ने इलेक्ट्रिक स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उसे निजी वाहन से नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर कर दिया गया ।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा निवासी नैंसी अहिरवार उम्र 15 वर्ष सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हाईस्कूल की छात्रा है। वह अपने भाई अनिल के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से स्कूल से घर लौट रही थी। तभी कंजड़ बाबा मंदिर तिराहे पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल छात्रा को तत्काल नगर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को झांसी रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार छात्रा के पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

# गाली-गलौज कर जान से मारने की दी धमकी

## पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**कोंच** नगर के मुहल्ला सुभाष नगर में गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।जानकारी के अनुसार मुहल्ला सुभाष नगर निवासी कौशल किशोर अपनी मां रजनी देवी के साथ कोतवाली पहुंचा और प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया ।शिकायतकर्ता का आरोप है कि 9 मई की सुबह आरोपी राजकिशोर घर में घुस आया और परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज की। इसके बाद रात करीब 9 बजे फिर से विवाद हुआ, जिसमें उसने परिजनों संग मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि राजकिशोर ने उसकी मां रजनी देवी के दाहिने हाथ में गुम्मा मार दिया जिससे वह चोटिल हो गई। आरोपी राजकिशोर सहित राजकुमार और कौशल्या पर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहू के पहनावे से दुखी सास-ससुर ने की कुदकुशी

## -पानीपत के युवक ने 15 महीने पहले किया था दिल्ली की युवती से प्रेम-विवाह



( यंग भारत न्यूज )

हरियाणा के पानीपत के गांव नारा में एक मध्यमवर्गीय दंपती ने अपनी बहू के कथित दुर्व्यवहार, रहन-सहन और घर में रोज होने वाले क्लेश से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। 46 वर्षीय राजेश और उनकी 44 वर्षीय पत्नी सुमन ने जहरीला पदार्थ (सल्फास) खाकर खुदकुशी कर ली।

राजेश और सुमन के इकलौते पुत्र आशीष को दिल्ली की रहने वाली स्नेहा से प्रेम हुआ था। इन दोनों की मुलाकात फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। लगभग दो वर्षों तक प्रेम संबंध में रहने के बाद जनवरी 2025 में आशीष और स्नेहा ने विवाह कर लिया। परिजनों की मानें तो यह शादी परिवार की सहमति से हुई थी और माता-पिता ने बड़े अरमानों के साथ बहू का स्वागत किया था, लेकिन यह खुशी ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकी। विवाद की मुख्य जड़ पहनावे और जीवनशैली को बताया जा रहा है। स्नेहा दिल्ली के आधुनिक परिवेश से संबंध रखती थी, जबकि उसका ससुराल गांव के पारंपरिक माहौल में था। शादी के कुछ समय बाद ही स्नेहा के कपड़ों और रहन-सहन के तरीके को लेकर घर में टोका-टाकी शुरू हो गई। सास-ससुर चाहते थे कि बहू गांव की मर्यादा के अनुरूप रहे, लेकिन स्नेहा को अपनी आजादी और दिल्ली के कल्चर में हस्तक्षेप पसंद नहीं था। इसी वैचारिक मतभेद ने धीरे-धीरे बड़े घरेलू झगड़े का रूप ले लिया। मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बहू स्नेहा अक्सर अपनी सास सुमन के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करती थी। सबसे ज्यादा मानसिक पीड़ा राजेश और सुमन को तब होती थी, जब उनका अपना बेटा आशीष माता-पिता का सहारा बनने के बजाय अपनी पत्नी का पक्ष लेता था। बेटे का पत्नी के प्रति यह अंधा झुकाव और माता-पिता की उपेक्षा ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया। शनिवार दोपहर को घर में फिर से भीषण विवाद हुआ, जिससे क्षुब्ध होकर दंपती ने सल्फास खा लिया। तबीयत बिगड़ते ही परिजनों ने दोनों को पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुमन को मृत घोषित कर दिया। राजेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत रोहतक पीजीआई भेजा गया, लेकिन रविवार सुबह उन्होंने भी दम तोड़ दिया। 15 महीने पहले जिस घर में शहनाइयां बजी थीं, आज वहां से एक साथ दो अर्थियां निकलने की तैयारी हो रही है। इस घटना के बाद से गांव में मातम के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# मंत्रिमंडल विस्तार से पहले ही अखिलेश यादव कर गए बड़ा खेला

## अब क्या करेगी बीजेपी?

( यंग भारत न्यूज )




**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में आज का दिन बेहद सरगर्मियों भरा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल का विस्तार होने जा रहा है, जिसमें नए चेहरों को जगह मिलने की उम्मीद है, लेकिन इस शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक बड़ा सियासी दांव खेल दिया है.

अखिलेश ने न केवल मंत्रिमंडल विस्तार पर तंज कसा है, बल्कि महिला आरक्षण की मांग उठाकर भाजपा के सामने नई चुनौती पेश कर दी है. मंत्रिमंडल विस्तार की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'दिल्ली से पर्ची आ गई क्या? सुना है यूपी में कैबिनेट का विस्तार हो रहा है या यूं कहें कि मुख्यमंत्री जी की शक्ति का कटाव-छटाव हो रहा है.' उन्होंने आगे तंज कसते हुए पूछा कि जिनका मंत्रिमंडल है, क्या उनसे भी कोई सलाह ली गई है? अखिलेश यादव ने मंत्रिमंडल विस्तार में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग रखी है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसके जरिए उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें पीएम ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा को घेरा था. अखिलेश अब इस मुद्दे को लेकर आक्रामक मोड में हैं और हर मंच से भाजपा को घेरने की रणनीति बना रहे हैं. अखिलेश यादव ने उन विधायकों और सहयोगी दलों पर भी हमला बोला जो सपा छोड़कर भाजपा के साथ गए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि मंत्रिमंडल में केवल 6 रिक्तियां हैं जबकि पाला बदलकर आने वालों की संख्या ज्यादा है. उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि क्या भाजपा इन 'दलबदलुओं' का सम्मान करेगी या उन्हें ठगा हुआ महसूस कराएगी? उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम (केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक) की जोड़ी पर भी तंज कसा कि वे केवल 'रील' बनाते रह जाएंगे या उनका भी कुछ भला होगा. योगी मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की पूरी कोशिश की जाएगी. चर्चा है कि 2027 के चुनाव को देखते हुए ब्राह्मण, जाट, पासवान, वाल्मीकि, लोधी और विश्वकर्मा समाज से नए मंत्री बनाए जा सकते हैं. संभावित नामों में मनोज पांडे, भूपेंद्र चौधरी, सुरेंद्र दिलेर, और कृष्णा पासवान जैसे नाम सबसे आगे चल रहे हैं.

# यूपी कैबिनेट विस्तार से पहले बीजेपी विधायक आशा मौर्य के पोस्ट से हड़कंप, बोलीं- 'पार्टी अब बागियों को...'

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंल विस्तार से पहले विधायक आशा मौर्य के सोशल मीडिया पोस्ट ने सनसनी फैला दी है. कयास लगाए जा रहे थे कि आशा मौर्य को भी मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन उनके पोस्ट में दर्द छलकता हुआ नजर आ रहा है.

आशा मौर्य ने फेसबुक पोस्ट में पार्टी और संगठन के लिए पिछले 35 वर्षों से पूर्ण समर्पण भाव, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए सदैव संगठन हित को सर्वोपरि रखा है. जनसेवा और समाजहित के लिए निरंतर कार्य करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है और आगे भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करती रहूंगी. हालांकि, एक समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते कहीं न कहीं मन में थोड़ी पीड़ा अवश्य हुई है, क्योंकि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और निष्ठा हर कार्यकर्ता के लिए भावनात्मक रूप से जुड़ी होती है. लेकिन यह पीड़ा मेरे संकल्प को कमजोर नहीं करेगी, बल्कि समाज और संगठन के प्रति मेरी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी. अपने पोस्ट में आशा मौर्य ने आगे लिखा कि आप सभी पत्रकार बंधुओं, देश-प्रदेश से प्राप्त हुए फ़ोन कॉल, सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं एवं समर्थन देने वाले सभी शुभचिंतकों, समर्थकों और स्नेह रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का हृदय से आभार एवं धन्यवाद. आप सभी का प्रेम, आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है. आपके स्नेह और समर्थन ने सदैव मुझे समाज एवं संगठन के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी है. उन्होंने कहा कि मैं पहले भी पार्टी एवं संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करती रही हूं और आगे भी सदैव संगठन एवं समाज हित में कार्य करती रहूंगी. समाज के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती, सत्यनिष्ठा और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जारी रहेगी.

# बागपत के दीपक को दी गई सरियों वाली दर्दनाक मौत, कौन थे ये हैवान, जिन्होंने निर्ममता की हद पार की



( यंग भारत न्यूज )

**बागपत।** बागपत में उधार के पैसों को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश आखिरकार खूनी अंजाम तक पहुंच गई. गांव में दुकान चलाने वाले युवक की उसकी दोस्तों ने ही हत्या कर डाली. उसे किसी बहाने से घर से बाहर बुलाया और फिर सरिये से ताबड़तोड़ वार करके, उसे मौत के घाट उतार दिया.

पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. मिली जानकारी के मुताबिक, थाना छपरौली क्षेत्र के नांगल गांव निवासी दीपक गांव में दुकान करता था. बताया जा रहा है कि गांव के ही कुछ युवकों पर उसका काफी समय से उधार चल रहा था. इसी उधारी को लेकर दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ सालों से रंजिश चली आ रही थी. आरोप है कि इसी रंजिश के चलते तीन युवकों ने दीपक को घर से बुलाया और अपने साथ ले गए. बताया गया कि चारों गांव के बाहर स्थित एक ट्यूबवेल पर पहुंचे. इसी दौरान पुराने उधार और पैसों के लेन-देन को लेकर कहासुनी शुरू हो गई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों आरोपियों ने मिलकर दीपक पर लोहे के सरिये से हमला बोल दिया. आरोपी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए. देर रात तक जब दीपक घर नहीं पहुंचना तो परिजनों को चिंता हुई. परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की. इस दौरान परिजनों को घायल अवस्था में वो जमीन पर पड़ा हुआ मिला. परिजन उसे फौरन अस्पताल लेकर गए. मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. घटना की सूचना मिलते ही थाना छपरौली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर, उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अमित नाम के एक युवक को हिरासत में ले लिया है. फरार आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है. इस पूरे मामले को लेकर अंशु जैन (सीओ, बड़ौत) ने बताया, शव को कब्जे में लेकर, उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है. एक युवक को इस मामले में हिरासत में लिया गया है।.

# मोदी के बाद कौन? 78% लोगों ने इस नेता के समर्थन में दी राय, पीएम चेहरे को लेकर बड़ा सर्वे आया सामने

( यंग भारत न्यूज )



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी के बाद भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? यह सवाल आज हर भारतीय के दिल और दिमाग में घूम रहा है। देश की सियासत में अगला बड़ा चेहरा कौन होगा, इसे जानने की उत्सुकता हर किसी में है।

चाहे आप किसी भी पार्टी को सपोर्ट करते हों, यह सवाल आपके मन में जरूर उठता होगा कि 2029 में जब अगला आम चुनाव होगा, तब भारत की कमान किसके हाथों में होगी? हाल ही में newshimachali ने एक ऑनलाइन सर्वे किया, जिसमें लोगों से पूछा गया कि वे नरेंद्र मोदी के बाद भारत के अगले प्रधानमंत्री के रूप में किसे देखना चाहते हैं। इस सर्वे के नतीजे चौंकाने वाले हैं और सियासी गलियारों में हलचल मचा रहे हैं। आइए, नजर डालते हैं इन नतीजों पर:सर्वे में शामिल लोगों ने अपनी पसंद साफ कर दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस रेस में सबसे आगे हैं। उन्हें 84% लोगों का समर्थन मिला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 12% वोट मिले, जबकि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को 4% लोगों ने अपना समर्थन दिया। इन आंकड़ों से साफ है कि योगी आदित्यनाथ को लोग अगले पीएम के रूप में देखना चाहते हैं। यह सर्वे न सिर्फ लोगों की पसंद को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के भीतर अगली पीढ़ी के नेतृत्व को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता और उनके कड़े फैसलों ने उन्हें इस रेस में सबसे आगे रखा है। वहीं, अमित शाह और नितिन गडकरी जैसे दिग्गज नेताओं का भी अपना अलग रुतबा है। लेकिन क्या ये नतीजे भविष्य की सियासत का इशारा हैं? यह तो वक्त ही बताएगा।

# प्रयागराज में बंद दरवाजे के पीछे चल रहा था गंदा धंधा, एसीपी ने मारा छापा... आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए 6 लोग

( यंग भारत न्यूज )



**प्रयागराज।** प्रदेश के प्रयागराज जिले में अतरसुइया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणी देवी मोहल्ले में बीते शनिवार शाम पुलिस ने एक मकान में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 4 महिलाओं और 2 पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में हिरासत में लिया।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर ष्टक्ककी रेड, दरवाजा तोड़ अंदर घुसी पुलिस पुलिस सूत्रों के अनुसार कल्याणी देवी क्षेत्र के एक मकान में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप था कि मकान में प्रतिदिन नए-नए लोगों का आना-जाना लगा रहता था, जिससे क्षेत्र में संदेह का माहौल बना हुआ था। शनिवार शाम करीब 4 बजे सहायक पुलिस उपायुक्त निकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में अतरसुइया पुलिस ने मकान पर छापा मारा। पुलिस टीम के पहुंचने पर मकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस अंदर पहुंची। कमरों में आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवती, मास्टरमाइंड की तलाश तेज पुलिस के अनुसार मकान के अलग-अलग कमरों में युवक और युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। छापेमारी के दौरान मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। पुलिस सभी 6 लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस नेटवर्क का संचालन कौन कर रहा था तथा इसमें अन्य लोगों की भी संलिप्तता है या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मकान मालिक और पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# ये महिला बनेंगी यूपी बीजेपी की 'गेम चेंजर'?

## - योगी को मिला अखिलेश का पीडीए काट फार्मूला, कैबिनेट विस्तार से बदलेंगे समीकरण



**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में इन दिनों एक नई और बेहद दिलचस्प बिसात बिछाई जा रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार का आगामी कैबिनेट विस्तार केवल सत्ता की कुर्सियों को भरने की कवायद नहीं है, बल्कि यह 2027 के विधानसभा चुनाव की वो महा-रणनीति है जिसका केंद्र 'महिला वोटर' हैं। बीजेपी के रणनीतिकारों ने यह साफ संकेत दे दिया है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की सत्ता की चाबी उन करोड़ों महिलाओं के पास होगी, जो अब जातीय और पारिवारिक बंधनों को तोड़कर अपने हितों के लिए स्वतंत्र रूप से मतदान कर रही हैं। इसी कड़ी में दलित समुदाय का बड़ा चेहरा मानी जाने वाली कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा ने सूबे की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। बीजेपी की इस रणनीति के पीछे बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के चुनावी अनुभव छिपे हैं। पश्चिम बंगाल में भले ही बीजेपी सत्ता से दूर रही हो, लेकिन वहां महिलाओं के बीच पार्टी के बढ़ते ग्राफ ने सबको चौंका दिया था। बिहार में महिला केंद्रित योजनाओं ने चुनावी नतीजों को पलटने में बड़ी भूमिका निभाई, वहीं महाराष्ट्र में 'लाडली बहन' जैसी योजनाओं ने बीजेपी गठबंधन को संजीवनी दी। अब उत्तर प्रदेश में भी बीजेपी इसी सफल मॉडल को और अधिक आक्रामक तरीके से लागू करने की तैयारी में है। पार्टी का मानना है कि यदि महिला वोट बैंक को मजबूती से साध लिया जाए, तो यह विपक्षी दलों के बड़े से बड़े जातीय ध्रुवीकरण को धराशायी करने की ताकत रखता है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक फॉर्मूले के सहारे अपनी जमीन मजबूत करने में जुटे हैं। बीजेपी ने इसी पीडीए कार्ड की काट के लिए 'महिला प्लस सामाजिक प्रतिनिधित्व' का नया फॉर्मूला तैयार किया है। कैबिनेट विस्तार में कृष्णा पासवान जैसे दलित महिला चेहरे को आगे लाकर बीजेपी एक साथ दो बड़े वर्गों दलित और महिला को साधने की कोशिश कर रही है। यह कदम केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि इसके जरिए बीजेपी यह संदेश देना चाहती है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला आरक्षण जैसे बड़े फैसलों को वह जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह गंभीर है। बीजेपी के अंदरूनी सर्वे बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में महिला वोटिंग पैटर्न में क्रांतिकारी बदलाव आया है। अब महिलाएं 'मिशन शक्ति', 'कन्या सुमंगला योजना' और 'उज्ज्वला योजना' जैसी कल्याणकारी योजनाओं के आधार पर अपना नेता चुन रही हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात कानून-व्यवस्था की मजबूत छवि है। यूपी सरकार लगातार यह नैरेटिव बनाने में सफल रही है कि उसकी सरकार में महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के कदम ने बीजेपी के लिए एक ऐसा साइलेंट वोट बैंक तैयार कर दिया है, जो चुनावी शोर-शराबे से दूर सीधे कमल के बटन पर अपना भरोसा जताता है। उत्तर प्रदेश में महिला वोटरों की जागरूकता का आलम यह है कि कई विधानसभा सीटों पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक रहता है। ऐसे में बीजेपी के लिए यह वर्ग केवल सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक ठोस चुनावी निवेश बन चुका है। योगी कैबिनेट का यह विस्तार 2027 की चुनावी जंग का वो 'ट्रेलर' है, जो यह बता रहा है कि भविष्य में यूपी की राजनीति में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व और भी बढ़ने वाला है। आने वाले महीनों में यह और भी साफ हो जाएगा कि बीजेपी महिला प्रतिनिधित्व और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे विपक्षी खेमे में लगी सेंध को किस तरह और गहरा करती है। फिलहाल, कृष्णा पासवान जैसे नामों की चर्चा ने यह तय कर दिया है कि 2027 की चुनावी लड़ाई अब बहुत दिलचस्प होने वाली है।



मातृ दिवस विशेष

मां की ममता, उसके प्रेम, उसके समर्पण और उसके त्याग की कोई सीमा नहीं होती है। हर हाल में अपनी संतान का हित, उसके सुख और उसकी खुशी की कामना करने वाली मां की महानता का कितना भी बखान किया जाए कम ही होगा। आइए आज मातृ दिवस के अवसर पर हम सब संकल्प करें कि अपनी मां को हमेशा खुश रखेंगे, उनकी हर इच्छा को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

आवरण कथा / सरस्वती रमेश

# मां त्याग-प्रेम की मूरत है सबसे अनमोल

प्रकृति की हर कृति अपने आप में अनूठी और अनमोल है। लेकिन मां की बात ही कुछ अलग है। मां को प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ कृति कहें तो अतिश्योक्ति न होगी। मां की ममता के समक्ष दुनिया के सारे ऐशो-आराम, स्वर्गीय सुख, चमक-दमक फीके हैं। मां के स्नेह में, ममता में जो सुख, तृप्ति और सुकून होता है, उसे दुनिया की कोई शय नहीं दे सकती। इसीलिए उस शख्स को दुनिया में सबसे खुशनसीब माना जाता है, जिसके सिर पर मां की ममता का साया होता है। सच कहें तो मां की उपस्थिति, स्वर्ग से भी अधिक आलौकिक अनुभूति देती है। मां की इस दिव्यता को, विशेषता को मुनव्वर राणा ने अपने एक शेर में यूं समेटा है-

चलती-फिरती हुई आंखों से अजां देखी है
मैंने जन्नत तो नहीं देखी है, मां देखी है।









**भावनाओं का दरिया है मां:** हर मां के हृदय में भावनाओं का दरिया उमड़ता रहता है। यही भावनाएं मां और उसकी संतान के मध्य अनिर्वचनीय रिश्ता कायम करती हैं। एक ऐसा रिश्ता, जिसमें संसार के सभी रिश्तों की तासीर को महसूस किया जा सकता है। एक मां को उसके संतान के प्रति जैसी तड़प, प्रेम, चिंता, समर्पण और त्याग की भावना होती है, ऐसी भावना किसी और रिश्ते-नाते में नहीं देखी जा सकती है। मां अपने बच्चे की सिर्फ जन्मदात्री नहीं होती। वह उसकी प्रथम गुरु, संरक्षक, दोस्त, पालनकर्ता और मार्गदर्शक भी होती है। एक बच्चे को अपनी मां से वह सब कुछ मिलता है, जिसकी उसे वर्तमान में जरूरत है और भविष्य में जरूरत पड़ने की संभावना होती है। वैसे तो बच्चे के इर्द-गिर्द ढेर सारे संबंधों की कतार होती है। लेकिन अपनी मां से उसे जो प्राप्त होता है, उसकी भरपाई दुनिया का कोई भी रिश्ता नहीं कर सकता। नेल्सन मंडेला के शब्दों में कहें तो, 'मां का प्यार सबसे ऊंचा, अशेष और अनपेक्षित होता है।'

**रुई के फाहे सा स्नेह:** मां का प्यार, उसका स्नेह रुई के फाहे जैसा मुलायम और निर्दोष होता है। वह बच्चे की जरा-सी चोट पर विह्वल होने लगता है। बच्चे को जरा सी भी तकलीफ हो तो मां का मन विचलित होने लगता है। उसका प्यार देखना हो तो उसकी चिंताओं को गौर से देखिए। बच्चे की हर पल की जरूरतों के लिए मां किस हद तक फिक्रमंद होती है। उसकी दिनचर्या का निर्धारण बच्चे की जरूरतों के हिसाब से तय होता है। यहां तक कि उसके सोने-जागने का भी। एक लड़कोरी (नवजात की मां) की नींद कभी पूरी नहीं हो पाती। वो टुकड़ों-टुकड़ों में सोती है। बच्चे की रोने की एक आवाज पर अपने खाने की थाली सरका कर उसे पहले दूध पिलाती है। बीमार बच्चे की देख-रेख करने में तो मां अपनी भूख, प्यास, नींद तक बिसरा देती है।

**कामयाबी के पीछे मां की भूमिका:** किसी इंसान की कामयाबी में उसकी मां की भी भूमिका होती है। ज्यादातर सफल और महान लोगों की कामयाबी के पीछे उनकी मांओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दुनिया में ऐसे बेशुमार उदाहरण हैं। अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने संस्मरण में अपनी मां की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लिखा है,'मेरी मां ने मुझे शिक्षित करने और मेरे भीतर आत्मविश्वास भरने के लिए बहुत मेहनत की। दिन में वह काम पर जाती थीं, इसलिए भोर में चार बजे उठकर मुझे पढ़ाती थीं। हमारी जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद, मेरी मां ने मुझे हर पल खास महसूस कराया।' ऐसा ही एक और उदाहरण महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन के जीवन में भी देखा जा सकता है। उनके महान आविष्कार को सारी दुनिया जानती है। मगर बहुत कम लोगों को पता होगा कि जब वह छोटे थे, तो आम बच्चों की तरह समझदार नहीं थे। उनके अध्यापक उन्हें हमेशा मंदबुद्धि कहते थे। जब उनकी मां, नैंसी को यह बात पता लगी तो वो उन्हें स्कूल से निकाल लाईं और घर पर ही पढ़ाने लगीं। कई साल बाद एडिसन ने अपनी डायरी में लिखा, 'मेरी मां ने ही मुझे बनाया। वह बहुत सच्ची थीं। मुझ पर अथाह भरोसा करती थीं। उनके स्नेह को पाकर मुझे लगा कि मेरे पास भी जीने की कोई वजह है। उन्हें मैं निराश नहीं कर सकता था।'

एक मंदबुद्धि बच्चा एक मां के संकल्प, हौसले और स्नेह की बदौलत उस सदी का जीनियस बन गया। उस मां ने अपने मंदबुद्धि बेटे से घृणा नहीं की। उससे प्रेम किया और उस पर विश्वास किया। मां के स्नेह और विश्वास में चमत्कारिक शक्ति होती है, जो संतान के जीवन को संवार देती है। कामयाबी की ऐसी लाखों कहानियां हैं, जिनके पीछे एक मां का यही विश्वास और अथाह प्रेम है।

**मां कभी नहीं बदलती:** दुनिया पल-पल बदलती रहती है, लेकिन मां जैसी सदियों पहले हुआ करती थी, अब भी वैसी ही होती है। यानी सदियां गुजर गईं लेकिन अपनी संतान के प्रति मां का प्यार, लगाव और समर्पण बरकरार है। अपने बच्चों को सीने से लगाने वाली, आंचल में सहेजने वाली, उनकी सुरक्षा के लिए ढाल बन जाने वाली और उनकी हर गलती को क्षमा कर देने वाली मां की ममता का मोल नहीं है। लेकिन दुखद है कि आधुनिकता, स्वार्थी सोच के प्रभाव में कई संतानों का व्यवहार अपनी मां प्रति बदल जाता है।

सोचने वाली बात है कि आखिर जब सदियों में मांओं का अपनी संतान से जुड़ाव नहीं बदला तो संतानों का व्यवहार मां के प्रति क्यों बदल गया? ऐसा क्या हो गया कि सभ्यता के विकास ने हमें ऐसी तहजीब सिखाई, जिसने मां का सम्मान करना भूल दिया? दरअसल, सच यह है कि विकास की चकाचौंध में हम निहायत आत्मकेंद्रित और स्वार्थी होते गए हैं। हम मां की ममता जैसे अमूल्य भाव का सम्मान करना भी भूल गए।

**मदर्स-डे की महत्ता:** संतोष की बात है कि हमारी इस गलती का एहसास कराने के लिए, जीवन में अपनी मां की महत्ता को याद दिलाने के लिए, वर्ष में एक दिन मुकर्रर किया गया है। जिसे हम मदर्स-डे के नाम से मनाते हैं। हालांकि मां अपने बच्चों से हर दिन प्रेम, सम्मान व आत्मीयता की हकदार है। बुढ़ापे में जब उसकी हड्डियां कमजोर पड़ जाती हैं, नजर धुंधली हो जाती है और हाथ कांपने लगते हैं, तब उसे अपने बच्चों का साथ व सहारे की जरूरत होती है। ऐसे में मदर्स-डे हमें 'मां' की उस अमूल्य ममता की याद दिलाता है। तो आज मदर्स-डे मनाते हुए हम जरूर संकल्प करें कि हम मां को भरपूर प्यार सम्मान न केवल आज, हर दिन देंगे। उसके चेहरे पर मुस्कान लाने का हर संभव प्रयास करेंगे। *



अनुभूति / डॉ. ऋतु सारस्वत

# मां के नाम बेटे की पाती

मां अपने बच्चों को केवल पालती-पोसती ही नहीं, बहुत सरल-सहज तरीके से उसके भीतर संस्कारों के बीज भी रोप देती है। इसका एहसास कई बार वर्षों बाद बच्चे को होता है। अपनी मां के प्रति एक बेटा ऐसी ही भावानुभूतियां पत्र के जरिए यहां व्यक्त कर रहा है।

*मेरी प्यारी मां*

जीवन में पहली बार आपको कुछ लिखकर भेज रहा हूं। सच कहूं तो समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरुआत करूं? न जाने कितनी बार लिखा और मिटाया है, हर बार लगता है कि मेरे पास कहने के लिए हजारों शब्द हैं, पर उन्हें एक-दूसरे से जोड़ ही नहीं पा रहा। पता है मां, आज मैं बाजार गया था। पढ़ते-पढ़ते थक गया था, सोचा यूं ही थोड़ा घूम लूं। तभी मेरी नजर एक दुकान में रखे बिंदी के छोटे से पैकेट पर पड़ी और मैंने बिना कुछ सोचे ढेर सारी बिंदियां खरीद लीं। जैसे ही उन्हें हाथों में लिया, यूं महसूस हुआ जैसे आपके ममतामयी हाथ मुझे स्पर्श कर रहे हों। आपकी मुस्कुराहट मेरी आंखों के सामने घूमने लगी और मन किया कि दौड़कर आऊं और आपको जोर से गले लगा लूं। मां, आपकी बहुत याद आ रही है। मां, मुझे आज भी याद है, जब भी आप कहीं बाहर से लौटकर घर आती थीं, तो मैं दौड़कर आपकी गोद में चढ़ जाता था। सबसे पहले आपके माथे से आपकी बिंदी उतार देता था। आप हैरान होकर पूछतीं थीं- 'बेटा, ऐसा क्यों करते हो?' मैं मासूमियत से कह देता था- 'अगर आपके माथे पर बिंदी लगी रही, तो आप फिर से बाहर चली जाओगी।' आप मुस्कुरा देती थीं। मैं आपके और करीब सिमट जाता था। पर मां, बिंदी की यह कहानी यहीं तक नहीं थी। एक दिन मैं बहुत गुस्से में स्कूल से घर लौटा था, क्योंकि मेरी गलती न होने पर भी मेरी टीचर ने मुझे बहुत डांटा था। गुस्से में मैंने कह दिया, 'मेरी टीचर बहुत गंदी है।' आपने तुरंत मुझे रोका और समझाया कि बड़ों के लिए ऐसे शब्द नहीं बोलते। फिर आपने मुस्कुराकर कहा, 'और अगर शिकायत करनी भी है, तो कम से कम 'बिंदी' तो लगा लो।'

आपकी यह बात सुनकर मैं टकटकी लगाकर आपको देखने लगा और मासूमियत से पूछ बैठा, 'तो क्या मां, मुझे किसी की शिकायत करने के लिए खुद बिंदी लगानी होगी?' आप मेरी बात सुनकर हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं और फिर बोलीं, 'अरे बुद्धू, मैं तुम्हें बिंदी लगाने के लिए नहीं कह रही और तुम बिंदी लगाओगे भी कैसे, तुम तो अभी छोटे से बच्चे हो।' मैंने भी तुरंत कहा, 'मां, मैं छोटा तो हूं ही पर मैं तो लड़का हूं, मैं बिंदी कैसे लगा सकता हूं।' मेरी यह बात सुनकर आप फिर जोर-जोर से हंसने लगीं और मैं थोड़ा खिसियाकर बोला, 'मां, प्लीज बताओ ना।' तब आपने बड़े प्यार से समझाया, 'देखो, 'है' के ऊपर जब बिंदी लगती है, तो वह 'हैं' बन जाता है, और बड़ों के लिए हमेशा हमें सम्मानजनक शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। 'वह आ रहा है' हम अपने किसी दोस्त के लिए कह सकते हैं, लेकिन अगर किसी बड़े के लिए कहना हो, तो हमें कहना चाहिए 'वह आ रहे हैं।' और ऐसे ही न जाने आपने मुझे कितने उदाहरण देकर समझाया।

मां, पता नहीं आपके शब्दों में क्या जादू था कि उसके बाद मैं कभी यह 'बिंदी' लगाना भूल ही नहीं पाया। मेरी हर बात में, हर संबोधन में अनजाने में ही वह सम्मान जुड़ता चला गया। आपकी यह 'बिंदी' सच में कमाल की है। मां, यह मुझे बहुत बार बिल्कुल अजनबियों के भी करीब ले आती है। हमारे कॉलेज के चौकीदार भैया हों या कमरे में सफाई करने वाली आंटी जब भी मैं उनसे आदर से बात करता हूं, उनके चेहरे पर जो मुस्कुराहट आती है, वह मेरे मन को एक अलग ही सुकून देती है। एक दिन आंटी ने कहा, 'भैया, आप बहुत अच्छे हैं' और उनके ये शब्द सुनकर मुझे ऐसा लगा जैसे तेज गर्मी में अचानक बारिश हो गई हो। मां, मैं बहुत दिनों से आपको यह बताना चाह रहा था कि आपकी यह 'बिंदी' सचमुच बहुत अच्छी है पर कभी मौका ही नहीं मिला। आज जब इस बिंदी के छोटे से पैकेट को हाथ में लिया, तो लगा जैसे किसी ने मेरे हाथ में कलम थमा दी हो और जो बातें इतने दिनों से मन में थीं वे अपने आप शब्द बनकर बहने लगीं। मां, सच कहूं, आपकी यह 'बिंदी' सिर्फ आपके माथे पर लगकर आपको सुंदर नहीं बनाती बल्कि यह मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत संस्कार बन गई है, जो हर रोज मुझे एक बेहतर इंसान बनने की राह दिखाती है।

थैंक यू सो मच मां!

-आपका बेटा

गजल / डॉ. ओम निश्चल

## मां का प्यार

तुम से लिपट कर सो जाऊं मां
तो दुनिया का सुख पाऊं मां।
गोद तुम्हारी ममता का गढ़
कैसे इसको झुठलाऊं मां।
पुलकित दृष्टि तुम्हारी देखूं
आंखों में ही खो जाऊं मां।
चुपके-चुपके जो गाती हो
उस रुनझुन पर बलि जाऊं मां।
मां का प्यार अलौकिक होता
किस-किस को यह बतलाऊं मां।
मुझे छुपा लो अब आंचल में
इसी सृष्टि में रम जाऊं मां।



लघुकथाएं



## स्वाद मां के हाथों का

मां के हाथ के गट्टे की सब्जी का जवाब ही नहीं!' मुंह में एक कौर डालते हुए शोभा के पति राकेश बोल पड़े। 'मैं कितना भी अच्छा खाना बना लूं, पर पता नहीं क्यों इनके मुंह से मेरी प्रशंसा के एक शब्द भी नहीं निकलते?' यह सोचकर शोभा के मन में कहीं ना कहीं अपनी सासू मां के प्रति ईर्ष्या के भाव बने रहते। उसकी सासू मां इन बातों से अनभिज्ञ आए दिन अपने बेटे के लिए नए-नए पकवान बनाती रहतीं। एक बार शोभा के पिताजी की तबियत ज्यादा खराब हो गई। आनन-फानन में वह मायके चली गई। अपने आठ वर्षीय बेटे को भी साथ नहीं ले जा पाई, क्योंकि उसके एग्जाम चल रहे थे। करीब दस दिन वह अपने मायके में रही। पिताजी की तबियत में सुधार होते ही वह अपने घर लौट आई। जैसे ही वह घर आई, उसका बेटा उससे लिपट गया और बड़ी ही मासूमियत से बोला, 'मम्मा आप इतने दिनों के लिए क्यों चली गई थीं? मुझे दादी के हाथ का खाना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता था।' 'वो क्या है न बहू, बच्चों को अपने मां का हाथ का खाना ही अच्छा लगता है, क्योंकि बच्चा शुरू से ही अपनी मां के हाथ का खाना ज्यादा खाता है। इसलिए उसके मुंह में वही स्वाद चढ़ जाता है। इसके अलावा मां का स्नेह और अपनापन भी तो उस खाने में शामिल होता है।' उसकी सासू मां ने सहज स्वर में कहा। 'इतनी छोटी-सी बात वह कैसे नहीं समझ पाई और बेवजह मां-बेटे से हमेशा चिढ़ती रही।' शोभा मन ही मन में बोली। शोभा के पति उसकी भाव-भंगिमा देखकर उसके अंदर चल रहे भावों को भांप गए। इसलिए उसे देखकर मुस्कुराते हुए बोले, 'तुम भी बहुत अच्छा खाना बनाती हो, वो तो मैं तुम्हें चिढ़ाने के लिए तुम्हारे सामने मां की तारीफ करता रहता हूं।' 'अच्छा...जाइए मैं आपसे बात नहीं करूंगी।' कहकर वह गुस्से में अपने कमरे में चली गई। इस पर राकेश भी उसे मनाने के लिए उसके पीछे-पीछे कमरे में पहुंच गए। *

-शीला श्रीवास्तव

## पैसे हैं पर मां नहीं



साहब, मेरी पासबुक देखकर बताइए, क्या खाते में पैसे आए हैं?' बूढ़ी महिला ने गिड़गिड़ाते हुए बैंक क्लर्क प्रमोद से विनती की। 'मांजी, आप से कितनी बार कहा कि आपके खाते में बैलेंस ही नहीं है!' प्रमोद झुंझला कर बोला। 'साहब, मैं बहुत गरीब हूं। खाने-पीने के भी पैसे नहीं हैं। मेरा बेटा हर महीने मुझे तीन हजार रुपए भेजता है।' बूढ़ी औरत रोते हुए बोली। 'भेजता रहा होगा, लेकिन पिछले तीन महीनों से उसने एक भी रुपया नहीं भेजा है, माता जी। मैं आपको पैसे कहां से दे दूं?' प्रमोद झल्लाते हुए बोला। उसकी तेज आवाज सुनकर मैनेजर रूपांग मेहता ने अपने केबिन से बाहर आकर पूछा, 'क्या बात है प्रमोद, मांजी को क्या परेशानी है?' 'सर, ये मांजी रोज आकर बैलेंस चेक करने को कहती हैं। इनके खाते में पैसा ही नहीं है, मैं क्या करूं?' प्रमोद ने जवाब दिया। मेहता साहब ने बूढ़ी महिला की ओर देखा। लगभग सत्तर साल की उस महिला की फटी साड़ी, टूटा चश्मा और हाथ में लाठी, उनकी गरीबी को बयां कर रही थी। 'मांजी, आप रोज क्यों आती हैं?' मेहता साहब ने पूछा। वह बूढ़ी महिला बोलीं, 'मेरा नाम सविता है साहब। दस साल पहले मेरे पति की शराब पीने की वजह से मौत हो गई थी। मैंने चार घरों में काम करके अपने बेटे मयंक को पढ़ाया और उसे कंप्यूटर इंजीनियर बनाया। पिछले साल उसकी शादी हुई और अब वह बेंगलुरु में नौकरी करता है। वह हर महीने तीन हजार रुपए भेजता था, लेकिन तीन महीने से खाते में पैसे आ ही नहीं रहे हैं। लगता है शायद पैसे गलती से किसी और खाते में जा रहे होंगे। मेरे पास दवा और खाने के भी पैसे नहीं हैं। आंखों में भी मोतियाबिंद है, काम भी नहीं हो पाता।' यह कहते हुए सविता रो पड़ी। मेहता साहब का दिल भर आया। उन्होंने पूछा, 'क्या आप के पास बेटे का नंबर है?' सविता ने एक मुड़ा-तुड़ा कागज उनकी ओर बढ़ा दिया। मेहता साहब ने उस नंबर पर फोन लगाया। दूसरी ओर से फोन उठा तो वह बोले, 'हैलो, मयंक से बात करवा दीजिए।' दूसरी तरफ से किसी महिला ने पूछा, 'मैं उनकी पत्नी माया बोल रही हूं, मयंक बाहर गए हैं। आप कौन बोल रहे हैं?' 'मैं बिलासपुर से बैंक मैनेजर रूपांग मेहता बोल रहा हूं। आपकी सास यहां आई हुई हैं, मयंक ने तीन महीने से उन्हें पैसे नहीं भेजे क्या?' 'अरे सर, कब तक पैसे भेजते रहेंगे उनको? हमारी भी जरूरतें हैं। हम लोग सिंगापुर घूमने का प्लान बना रहे हैं।' माया ने बेरुखी से कहा। 'लेकिन मांजी के पास खाने और दवा के पैसे भी नहीं हैं!' मेहता साहब थोड़ा तल्खी से बोले। 'तो हम क्या करें? क्या हमने उनका ठेका ले रखा है? कहीं भी चली जाएं, किसी वृद्धाश्रम में क्यों नहीं चली जातीं?' इतना कहकर माया ने फोन काट दिया। यह सुनकर मेहता साहब स्तब्ध रह गए। कैसे बेटे-बहू हैं? उन्होंने माताजी से बिना कुछ कहे अपने खाते से तीन हजार रुपए निकाले और सविता को देते हुए कहा, 'लो मांजी, आपके बेटे ने पैसे भेज दिए हैं।' सविता की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे, 'भगवान आप का भला करे।' कह कर वह रो पड़ी। 'अब आप का बेटा हर महीने पैसे भेजेगा।' मेहता साहब बोले। सविता खुश होकर चली गई। उनके जाने के बाद प्रमोद ने आश्चर्य से पूछा, 'सर, आपने अपने पास से पैसे दे दिए?' मेहता साहब भावुक होकर बोले, 'मैं भी गरीब परिवार से हूं। मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरी मां ने मजदूरी करके मुझे पढ़ाया। मैं सोचता था कि जब पैसे कमाऊंगा तो मां के सारे सपने पूरे करूंगा। लेकिन सात साल पहले जब मेरी नौकरी लगी तभी मेरी मां चल बसीं। जब मां थी, तब पैसे नहीं थे और आज पैसे हैं, पर मां नहीं हैं। इसीलिए इस मां की बेबसी मुझसे देखी नहीं गई।' *

-वीरेंद्र बहादुर सिंह

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## ताकि बचा रहे आदमीपन




हाल में युवा कवयित्री रूपम मिश्र का दूसरा कविता संग्रह 'हंसी और देस' प्रकाशित होकर आया है। ये कविताएं हमारे समय, समाज और देश की तमाम स्याह-श्वेत छवियां उजागर करती हैं। देशज भाषा के रचाव और लोकजीवन के राग ने इन कविताओं के निहितार्थ को और भी प्रभावी बना दिया है। *'जीत के आसार न देखते हुए भी लड़ना/ लड़ाई की परंपरा को जिंदा रखना था।'* जैसी पंक्तियां उस सतत संघर्ष को प्रतिबिंबित करती हैं, जो आदमीपन को बचाए रखने के लिए जरूरी है। यहां स्त्री विमर्श की कोरी नारेबाजी नहीं, सदियों पुरानी उस कंडीशनिंग की पड़ताल की गई है, जिसने स्त्रियों के एक वर्ग को चेतनाशून्य बनाकर हर हाल में पुरुषों की सेविका बनने को बाध्य कर रखा है। *'जो मार खा लेती हैं फिर उठकर उन्हीं मर्दों के लिए सबसे अच्छा अचार/सबसे ज्यादा स्वाद वाली सब्जी बना देती हैं।'* प्रेम को भी रूपम, बनी-बनाई परिभाषा से इतर बिल्कुल अलग भावभूमि पर उतारकर महसूसती और व्यक्त करती हैं। इसकी बानगी *'हमने देखा एक-दूसरे को ऐसे जैसे भूख की यातना में जिया मनुष्य रोटी को देखता हो।'* जैसी पंक्तियों में देखी जा सकती है। *

**पुस्तक:** हंसी और देस (कविता संग्रह), **लेखिका:** रूपम मिश्र,
**मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लोकभारती पेपरबैक्स, प्रयागराज

# सिद्ध पीठ मां कालका मंदिर दूरेड़ी में होगा आज विशाल भंडारा का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन कथा वाचक लखनलाल दीक्षित ने बताया कि दोस्ती सीखनी है तो सुदामा और भगवान से सीखने लायक है 7 दिन की यह कथा सुनने सभी क्षेत्र के लोग बड़े हर्ष उल्लास से प्रतिदिन कथा सुनने आते रहे तथा कथा वाचक ने कहा कि कुछ जनता जो कथा सुनने आती रही भगवान के कुछ अच्छे कार्यों को अपने जीवन में उतार लेंगे तो ग्रस्तआश्रम आसान हो जाएगा

श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं। इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंतत: वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की अनेक प्रेरणादायक कथाएँ वर्णित हैं। इनमें सुदामा जैसी सच्ची मित्रता और कंस वध का प्रसंग विशेष महत्व रखता है। श्रीकृष्ण और सुदामा बचपन के मित्र थे। दोनों ने गुरु संदीपन मुनि के आश्रम में साथ शिक्षा प्राप्त की। समय के साथ श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बन गए, जबकि सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण के रूप में जीवन बिताने लगे। गरीबी के बावजूद सुदामा ने कभी अपने मित्र से सहायता नहीं माँगी। पत्नी के आग्रह पर वे श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे और उपहार स्वरूप थोड़ा सा चिवड़ा लेकर गए। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को देखकर प्रेमपूर्वक गले लगाया, उनके चरण धोए और बड़े आदर से उनका स्वागत किया। भगवान ने सुदामा के साधारण उपहार को भी प्रेम से स्वीकार किया। जब सुदामा वापस लौटे, तो उनकी झोपड़ी महल में बदल चुकी थी। यह प्रसंग सच्ची दोस्ती, प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है।

दूसरी ओर, कंस अत्याचारी राजा था। आकाशवाणी हुई थी कि उसकी बहन देवकी का आठवाँ पुत्र उसका वध करेगा। भय के कारण कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया। जब श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब वसुदेव उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहाँ छोड़ आए। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का संहार किया। अंतत: वे मथुरा पहुँचे और कंस के विशाल अखाड़े में उससे युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर अत्याचार का अंत किया और धर्म की स्थापना की। यह कथा हमें सच्ची मित्रता, भक्ति, साहस और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देती है

# अखिलेश मिश्रा बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष

## पंकज तिवारी बने बरिष्ठ उपाध्यक्ष



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद झांसी उत्तर प्रदेश का अधिवेशन सम्पन्न हुआ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के सभागार मे सम्पन्न हुआ जिसमे बड़ी संख्या मे जनपद के कर्मचारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखलेशकुमार मिश्रा ने की।

अधिवेशन में संगठन से मंडलीय अध्यक्ष ई 0आर 0सी पस्तोर मुख्य अतिथि एवं श्री कृष्ण व्यास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी श्रीकृष्ण व्यास एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष पांडे की देखरेख मैं निर्वाचन सम्पन्न कराया जिसमे अखलेश मिश्रा अध्यक्ष , पंकज तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,अभिषेक नीखरा मंत्री एवं सुमित नाहर निर्विरोध सम्प्रेक्षक चुने गये। श्रीमती करुणा शर्मा को महिला संगठन मंत्री घोषित किया गया। आर सी पस्तोर मुख्य अतिथि द्वारा सदन की सर्वसम्मति से पूर्व मंत्री भगवानदास कुशवाहा को परिषद का संरक्षक मनोनीत किया गया। मंडल अध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली एवं कोविड के समय डीए एरियर भुगतान संबंधी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता दर्शाई गई. अधिवेशन में ब्रजकिशोर पाठक,शिवसिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह धाकड़, आशीष चौरसिया, शशांक कुमार द्विवेदी,सुनील मिश्रा,जय बर्धन गौतम,संजय चौहान , ब्रजकिशोर तिवारी,आशीष पाण्डे,मनोज कुशवाहा, धर्मराज , निर्मल कुमार, मनीष कुमार,राघवेंद्र सिंह हिमांशु गुप्ता,सुशील कुमार वर्मा, अयोध्या प्रसाद यादव, जयकुमार तिवारी, रोहित खरे, इरशाद खान, राजा चौहान, मनोज आर्य, ललित कुशवाहा, संदीप विश्वकर्मा, चंद्रमोहन आदि उपस्थित रहे। संचालन भगवानदास कुशवाहा ने किया एवं आभार अभिषेक नीखरा मंत्री ने व्यक्त किया।

# लसड़ा, बसधरी में 33 करोड़ रुपये लागत से स्टोन पिचिंग कार्य में जमकर भ्रष्टाचार करने का लगा आरोप

## ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर जमकर किया घोटाला

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** जसपुरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत लसड़ा, बसधरी एवं कुंडा डेरा में नदी किनारे कटाव रोकने हेतु सिंचाई विभाग एवं जल संस्थान विभाग द्वारा लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से स्टोन पिचिंग कार्य कराया गया था। कई समाजसेवियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही की मांग की है लेकिन जांच नहीं हुई अत्यंत गंभीर विषय यह है कि उक्त कार्य अत्यंत निम्न गुणवत्ता एवं मानकों की अवहेलना के कारण लगभग एक वर्ष के भीतर ही बाढ़ में बह गया। यह स्थिति प्रथम दृष्टया सरकारी धन के दुरुपयोग, तकनीकी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार को दर्शाती है।

स्थल निरीक्षण में यह भी पाया गया कि कार्य में ऐसे पत्थरों का उपयोग किया गया है जो इस प्रकार के कटाव निरोधक कार्य के लिए उपयुक्त नहीं हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि कार्य केवल कागजों में पूर्ण दर्शाकर वास्तविकता में घटिया निर्माण किया गया। वर्तमान स्थिति में उक्त ग्राम पंचायतों के निवासियों के जीवन एवं संपत्ति पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है तथा आगामी बाढ़ में भारी जन–धन हानि की आशंका है, जो कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार) का उल्लंघन है उक्त कार्य की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उच्च स्तरीय तकनीकी जांच (विजिलेंस/थर्ड पार्टी) कराई जाए।दोषी अधिकारियों, अभियंताओं एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। जांच पूर्ण होने तक संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित/हटाया जाए। कार्य में हुए भ्रष्टाचार की धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। समस्त अभिलेख (DPR, MB, भुगतान विवरण, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट) की जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। ग्रामवासियों की सुरक्षा हेतु तत्काल अस्थायी एवं स्थायी कटाव निरोधक कार्य कराया जाए। इस भ्रष्टाचार से क्षेत्रीय ग्रामीण व समाज सेवायों में भारी आक्रोश देखने को मिला है।

# आज से डॉ राम मनोहर लोहिया पी जी महाविद्यालय में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय( झांसी )** – डॉ. राम मनोहर लोहिया पी.जी. महिला महाविद्यालय में आज (11 मई) से सम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत बी.ए. / बी. एससी. / एम.ए / एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं द्वितीय पाली (11 से 1) में प्रारंभ हो रही हैं। समस्त छात्राओं को 30 मिनट पूर्व महाविद्यालय में प्रवेश करना अनिवार्य है। उक्त आशय की जानकारी केंद्राध्यक्ष/प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने दी।

# मातृ दिवस मनाया

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** स्वस्तिक सिटी में महिला मंडल किटी ग्रुप द्वारा मातृ दिवस मनाया गया। जिसमें अलका, नीता, रीता, साधना, रानू, उपासना, शिवानी, प्रियंका, संध्या, साधना, सौरभी, रेखा, ज्योति। सभी ने मिलकर बड़ों का आशीर्वाद लिया।

# मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा (महिला प्रकोष्ठ )2026 की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती किरण चोडले के नेतृत्व मे मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व के महत्व, मां के त्याग, प्रेम और समर्पण को नमन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई। श्रीमती मृदुला अग्रवाल जी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा 'माँ'' केवल परिवार की आधारशिला नहीं,बल्कि संस्कार,शक्ति और स्नेह का सबसे मजबूत स्वरूप है,आइए,मातृ दिवस के इस पावन अवसर पर, हम सभी मातृ शक्ति के त्याग,समर्पण और ममता को नमन और उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करें..!! किरण जी ने कहा जहां नारी का सम्मान है वहां ईश्वर का वास है एकमां 100 शिक्षकों के बराबर होती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'फूलों का बुके प्रतियोगिता' रही, जिसमें महिला सदस्यों ने अपनी रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग–बिरंगे फूलों से सजाए गए आकर्षक बुके ने सभी का मन मोह लिया।सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया।

महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ–साथ आपसी सौहार्द और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस सुअवसर पर विशेष रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनीता अग्रवाल जी एवं झांसी अध्यक्ष श्रीमती विमला अग्रवाल एवं स्मिता , रितू,,ज्योति ,भारती, रजनी, नीलमणि काजल, बीना,चंदा,अंजू, मीना,ममता,रिंकी, मनीषा, अनु, सपना, ममता, रजनी, नंदिनी चौधरी,नंदिनी मोदी, सुनीता, सीमा, रंजना, बबीता, आभा, पूजा ,नीता, मोनिका, सुषमा ,रेखा ,निशु ,पूर्वी ,गुंजा एवं संगीता तथा बड़ी संख्या मेंमहिलाएं उपस्थित रही। अंत में सचिन शालिनी मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आरपीएफ की सतर्कता से सुरक्षित मिली लापता नाबालिग

## आरपीएफ क्राइम विंग खुफिया शाखा ने परिजनों को सकुशल सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सिविल पुलिस थाना पथरिया, जनपद विदिशा (मध्य प्रदेश) में दर्ज किडनेपिंग धारा 137 (2) के तहत लापता चल रही एक नाबालिग बालिका को रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) क्राइम विंग खुफिया शाखा झांसी ने झांसी स्टेशन से तलाश कर सकुशल परिजनों एवं संबंधित पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

दरअसल 17 वर्षीय अलफिया उर्फ रुबीना पुत्री अंसार खान निवासी ग्राम राजपुर थाना पथरिया जिला विदिशा (म.प्र.) 31 मार्च 26 से लापता थी। मामले में थाना पथरिया में अपहरण का मामला पंजीकृत किया गया था। आरपीएफ क्राइम विंग खुफिया शाखा झांसी को सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त बालिका वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के आसपास देखी गई है। इस सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार, प्रधान आरक्षक तौसीफ खान तथा आरक्षक गुरमीत सिंह द्वारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर गहन तलाश की गई, लेकिन बालिका का पता नहीं चल सका।इसके बाद टीम द्वारा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की गई, जहां एक संदिग्ध बालिका मिली। फोटो से मिलान करने पर वह लापता बालिका ही पाई गई। आरपीएफ टीम ने बालिका से सहानुभूति–पूर्वक पूछताछ की तथा व्हाट्सऐप के माध्यम से उसका फोटो थाना पथरिया प्रभारी को भेजकर तस्दीक कराई गई, जिस पर पुलिस द्वारा उसकी पहचान की पुष्टि की गई। तत्पश्वात बालिका को सुरक्षित रूप से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी आरपीएफ पोस्ट लाया गया। बाद में थाना पथरिया प्रभारी एवं बालिका के पिता अंसार खान के आरपीएफ पोस्ट पहुंचने पर आवश्यक दस्तावेज एवं एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई गई। सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में नाबालिग बालिका को सकुशल परिजनों एवं संबंधित पुलिस के सुपुर्द किया गया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों ने आरपीएफ की सराहना की।

# बड्स एंड ब्लूम्स विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर के विद्यालय बड्स एंड ब्लूम्स में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम सिंह दीखित प्रधान प्रतिनिधि अस्ता, धर्मेंद्र पटेल प्रधान (हरदुआ), राजेश पटेल सरसेंडा, राममोहन पटेल प्रधान , पुष्पेंद्र पटेल (भड़ोखर), जितेंद्र पटेल (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) एवं खेर इंटर कॉलेज गुरसराय के प्रवक्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आईएसएसओ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। साथ ही इस सत्र में नवोदय एवं सैनिक विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों — उत्कर्ष सिंह सैंगर, शगुन वर्मा, अंशिका, रुद्रांश, रुद्र प्रताप, अक्सा मंसूरी, कार्तिक पटेल एवं अर्पिता — को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।सत्र 2025–26 में अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता पटेल ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक पुरुषोत्तम पटेल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय परिवार के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीरज पाठक एवं हर्ष मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण — श्रीमती नीता मौर्य, सोमनाथ, अभिमन्यु, आदित्य तिवारी, शिवम सोनी, दीप्ति मैम, स्नेहा मैम, रोशनी मैम, आरती मैम, कनिमा मैम, अलीजा मैम, शिवांगी मैम, दीपा मैम, श्रद्धा मैम तथा वाइस प्रिंसिपल रविंद्र कुमार पटेल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एमबीबीएस डॉक्टर बने सत्यम गुप्ता

## सत्यम गुप्ता के एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर लोगों ने जताया हर्ष

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नगर के प्रमुख व्यवसायी विनोद कुमार गुप्ता उर्फ पप्पी सेठ के पुत्र सत्यम गुप्ता ने एमबीबीएस की परीक्षा 72 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की है। सत्यम गुप्ता ने गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से पांच वर्षीय एम बी बी एस की पढ़ाई पूरी कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।

सत्यम गुप्ता को एमबीबीएस की डिग्री मिलने पर नगर के प्रमुख समाजसेवी रमेश मौर्य, अखिलेश पिपरैया, प्रसिद्ध नारायण यादव, सतीश चंद्र चौरसिया, डॉ सुकदेव व्यास, अखिलेश कनकने, बसंत मोदी, अरविंद गुप्ता हाटी वाले, पुरुषोत्तम पटेल, रामनारायण पस्तोर, आत्माराम फौजी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718